

RNI.No. — GUJHIN/2012/45192

# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा



श्री 1008 महामंडलेश्वर

श्री स्वामी रामानंद दासजी महाराज

श्री रामानंद दास अन्नक्षेत्र सेवा ट्रस्ट, तपोवन आश्रम



स्व. पं. पू.1008 श्री रामानन्द जी

तपोवन मंदिर, मोरा गांव, सूरत



वर्ष-11 अंक:242 ता. 23 मार्च 2023, गुरूवार , कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi


## दहेज के बाद भी बेटी का परिवार की संपत्ति पर अधिकार, बॉम्बे HC ने लगाई 4 भाइयों को फटकार

**नई दिल्ली।** अगर घर के बेटी को शादी के समय दहेज दिया गया है, तो भी वह परिवार की संपत्ति पर अधिकार मांग सकती है। हाल ही में एक मामले में सुनवाई के दौरान बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने यह बात कही है। अपीलकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि उन्हें चार भाइयों और मां की तरफ से संपत्ति में से कोई भी हिस्सा नहीं दिया गया था। चार भाइयों और मां ने तर्क दिया था कि शादी के समय चारों बेटियों को कुछ दहेज दिया गया था और वे परिवार की संपत्ति पर अधिकार नहीं मांग सकती। जस्टिस महेस सोनक की तरफ से इस तर्क को पूरी तरह खारिज कर दिया गया। उन्होंने कहा, अगर यह मान भी लिया जाए कि बेटियों को कुछ दहेज दिया गया था, तो इसका मतलब यह नहीं होता कि बेटियों के पास परिवार की संपत्ति में कोई अधिकार नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा, पिता के निधन के बाद बेटियों के अधिकारों को भाइयों की तरफ से जिस तरह से खत्म किया गया है, वैसे खत्म नहीं किया जा सकता। खास बात है कि कोर्ट में यह भी साफ नहीं हो सका कि चारों बेटियों को पर्याप्त दहेज दिया गया था या नहीं। याचिकाकर्ता ने अदालत से अपने परिवार की संपत्ति में भाइयों और मां की तरफ से थर्ड पार्टी राइट्स बनाने के खिलाफ आदेश की मांग की थी। महिला ने बताया कि उनकी मां और अन्य बहनें साल 1990 में हुई ट्रांसफर डीड पर भाइयों के पक्ष में सहमति जता चुकी हैं। इस ट्रांसफर डीड के आधार पर ही परिवार की दुकान और घर दो भाइयों के पक्ष में पहुंच गए। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि उन्हें इसके बारे में 1994 में पता चला और बाद में इसे लेकर सिविल कोर्ट में कार्यवाही शुरू हुई। वहीं, भाइयों का कहना है कि बहन का संपत्तियों पर कोई अधिकार नहीं है। इसके लिए वह उन संपत्तियों पर मौखिक दावों का हवाला दे रहे हैं, जहां उनकी बहनों ने अपने अधिकार छोड़ दिए थे।

# पीएम मोदी के खिलाफ पोस्टर लगाने पर 100 एफआईआर दर्ज, आम आदमी पार्टी के ऑफिस से निकली वैन में भी मिले पोस्टर, 6 गिरफ्तार

**दिल्ली पुलिस ने बताया कि 17 मार्च को पोस्टर छापने का ऑर्डर मिला था। उसके बाद ये पोस्टर 19 मार्च की रात अलग-अलग लोगों को चिपकाने के लिए दिए गए थे। पोस्टर चिपकाने का काम 20 मार्च की सुबह तक चला।**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक ओवर ब्रिज के खंबे पर लगे पोस्टर, ये सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पोस्टर लगाने के मामले में पुलिस ने 100 स्नढ्ढक्र दर्ज की हैं। सभी केस प्रिंटिंग प्रेस एक्ट और प्रॉपर्टी डिफेसमेंट एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के ऑफिस से निकलते हुए एक वैन से भी पोस्टर जब्त किए गए। इस केस में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक दिल्ली के कुछ हिस्सों में मोदी हटाओ देश बचाओ नारों वाले पोस्टर लगे थे। इन पोस्टरों में प्रिंटिंग प्रेस का ब्योरा नहीं था। आईपी स्टेट थाने के एक कॉन्स्टेबल ने पप्पू मेहता नाम के एक शख्स को पोस्टर लगाते हुए पकड़ा था। पप्पू के पास 38 बंडल पोस्टर मिले थे।

**आम आदमी पार्टी ने पूछा- पोस्टर में आपत्तिजनक क्या है**

इस मामले में आम आदमी पार्टी का नाम आने के बाद ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर लिखा गया है- मोदी सरकार की तानाशाही चरम पर है। पोस्टर में ऐसा क्या आपत्तिजनक है, जो इसे लगाने पर मोदी जी ने 100 स्नढ्ढक्र कर दीं? क्करू मोदी आपको शायद पता नहीं, पर भारत एक लोकतांत्रिक देश है, एक पोस्टरसे इतना डर क्यों?

पकड़े गए लोगों ने बताया- 50 हजार पोस्टर का ऑर्डर था

न्यूज एजेंसी ANI के मुताबबिक, स्पेशल कमिश्नर ऑफ पुलिस दीपेंद्र पाठक ने बताया, दो प्रिंटिंग प्रेस फर्म को ऐसे 50-50 हजार पोस्टर बनाने का ऑर्डर मिला था। कंपनियों से जुड़े कर्मचारियों ने रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक इनमें से कई पोस्टर शहर के अलग-अलग इलाकों में लगाए। पुलिस ने प्रिंटिंग प्रेस का नाम प्रकाशित न करने के आरोप में मालिकों को गिरफ्तार किया है।




**17 मार्च को पोस्टर छापने का ऑर्डर मिला था**

दिल्ली पुलिस ने बताया कि 17 मार्च को पोस्टर छापने का ऑर्डर मिला था। उसके बाद ये पोस्टर 19 मार्च की रात अलग-अलग लोगों को चिपकाने के लिए दिए गए थे। पोस्टर चिपकाने का काम 20 मार्च की सुबह तक चला।

**दो साल पहले भी दिल्ली में एंटी मोदी पोस्टर लगे थे**

रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐसा ही एक मामला दो साल पहले भी सामने आया था। जब दिल्ली में कोविड वैक्सीनेशन ड्राइव के दौरान मोदी की आलोचना करने वाले पोस्टर लगाए गए थे। तब दिल्ली पुलिस ने 30 लोगों को गिरफ्तार किया था। वहीं, 25 FIR दर्ज की गई थीं।

## भारत को 2027 तक 'कार्बन न्यूट्रल' बनाने का प्रयास: गडकरी

**नागपुर।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को नागपुर में कहा कि वर्ष 2027 तक भारत को कार्बन न्यूट्रल देश बनाने के प्रयास चल रहे हैं। स्थानीय होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित सी-20 शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए गडकरी ने बताया कि वर्ष 2027 तक शुद्ध शून्य कार्बन भार प्राप्त करने का लक्ष्य है। वातावरण में उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा और वातावरण से हटाए गए कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा के बीच उचित संतुलन बनाकर प्राप्त किया जाना है। गडकरी ने कहा कि भारत ने उस दिशा में आगे बढ़ना शुरू कर दिया है और हरित हाइड्रोजन, इथेनॉल, इलेक्ट्रिक कार आदि जैसे वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करना शुरू कर दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विभिन्न उपायों को अपनाकर कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए ऊर्जा स्रोतों और औद्योगिक प्रक्रियाओं को बदला जा रहा है। गडकरी ने बताया कि भारत सड़क निर्माण में नगर पालिका के कचरे का उपयोग कर रहा है। बांस से बायो एथेनॉल का उत्पादन पानी से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को अलग करके ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है। किसान अन्नदाता है, लेकिन यह एक ऊर्जा प्रदाता और डामर उत्पादक भी होना चाहिए। भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। गडकरी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लिथियम के भंडार पाए गए हैं। इस मौके पर निवेदिता भिड़े ने कहा कि भारत अपनी आध्यात्मिकता के लिए जाना जाता है। हमने कहा कि एकता की भावना से काम करते हुए हमने कुछ मूल्यों को मन में बैठाया है। जीने में हमारा दृष्टिकोण दीर्घकालिक है। दूसरों के प्रति क्रोध, द्वेष, ईर्ष्या शार्टकट बन गए। हम अपने मिशन का व्यवसायीकरण करने के लिए सहमत नहीं हैं। हाल ही में, युवा महिलाओं में लिंग पुनर्मूल्यांकन की प्रवृत्ति है। यह व्यवसायीकरण गलत है। हर समाज की अलग-अलग जरूरतें होती हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास का एक ही तरीका पूरी दुनिया में लागू नहीं किया जा सकता है।

## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन देशभर के मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब


**नई दिल्ली।** हिंदू पंचांग के अनुसार कल यानी 22 मार्च 2023, बुधवार से चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ हो रहा है। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के प्रमुख नौ स्वरूपों की उपासना का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन कलश स्थापना और मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा का विधान है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन बुधवार को दिल्ली के प्रसिद्ध झंडेवालान मंदिर में सुबह-सुबह आरती की गई। भक्तों ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। चैत्र नवरात्रि का पहला दिन चंद्रमा के शुक्ल पक्ष यानी पूर्णिमा चरण के दौरान आता है। देवी दुर्गा की स्तुति करने के लिए नौ दिनों के दौरान किए जाने वाले अनुष्ठान प्रत्येक दिन अलग-अलग होते हैं। यह भगवान राम के जन्मदिन का भी प्रतीक है, जो आमतौर पर नवरात्रि उत्सव के दौरान नौवें दिन पड़ता है, इसलिए इसे राम नवरात्रि के रूप में भी जाना जाता है। चैत्र नवरात्रि शुरू हो गए हैं। आज से नौ दिन तक मंदिरों और घर-घर में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग शक्ति स्वरूपों की पूजा की जाएगी। मुंबई के प्रसिद्ध मुंबा देवी मंदिर में भी नवरात्रि के पहले दिन माता की विशेष आरती की गई। बता दें कि इस बार नवरात्रि को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है।




## दिल्ली एनसीआर सहित कई राज्यों में भूकंप के तेज झटके

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित देश के कई राज्यों में बीती रात करीब 10.18 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किये गए।

प्राप्त रिपोर्टों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में रात में दो बार भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग भय के कारण अपने घरों से बाहर निकल आये। भूकंप के झटके दिल्ली के आसपास के इलाकों के अलावा हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी महसूस किए गए।



रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.6 मापी गयी हैं। ऐसी रिपोर्ट हैं कि भूकंप के झटके कजाखस्तान, तुर्कमेनिस्तान, पाकिस्तान, तजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान और अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किये हैं। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में हिंदुकुश में होना बताया गया है।

## खत्म हो सकती है फांसी की सजा, विकल्पों पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट; सरकार से मांगे आंकड़े

**नई दिल्ली।** क्या देश में फांसी देने के बजाए कोई और कष्टरहित मौत की सजा दी जा सकती है, इस पर सुप्रीम कोर्ट जल्द विचार करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि इस मामले को लेकर एक विशेषज्ञ कमेटी बनाई जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से इस बारे में आंकड़े मांगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि फांसी देने से कितना कष्ट होता है, आधुनिक साइंस और तकनीक का फांसी की सजा पर क्या विचार है, क्या देश या विदेश में मौत की सजा के विकल्प का कोई आंकड़ा है।

सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर 2 मई को सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने याचिकाकर्ता और एजी आर वेंकटरमनी से कहा, ये चिंतन का विषय है, हमें अपने हाथों में कुछ वैज्ञानिक आंकड़े चाहिए। हमें विभिन्न तरीकों से होने वाली पीड़ा पर कुछ अध्ययन मुहैया करवाएं।



जनहित याचिका में फांसी के बजाय गोली मारने, इंजेक्शन लगाने या करंट लगने का सुझाव दिया गया है। याचिकाकर्ता वकील ने कहा कि अक्टूबर 2017 का एक बहुत विस्तृत आदेश है- गरिमा से मृत्यु एक मौलिक अधिकार है। जब किसी को फांसी दी जाती है, तो उस मौत में गरिमा आवश्यक है। एक दोषी जिसका जीवन समाप्त होना है, उसे फांसी का कष्ट नहीं सहना चाहिए। आदेश में आगे कहा गया है- जब कोई व्यक्ति फांसी के लिए जाता है तो वह किस प्रक्रिया से गुजरता है। उसके शरीर को आधे घंटे के लिए फांसी पर लटका दिया जाता है जब तक कि डॉक्टर ये न कहे कि अब वह मर चुका है, यह क्रूरता है। दूसरे देशों में भी अब फांसी धीरे-धीरे छोड़ी जा रही है। फांसी की जगह कुछ मानवीय और दर्द रहित मौत होनी चाहिए। मौत की सजा इस तरीके से दी जानी चाहिए जिसमें कम से कम दर्द हो और यातना से बचा जा सके।

# नोएडा में अटकी 25 हजार फ्लैट की रजिस्ट्री

**नोएडा।** नोएडा की 15 बिल्डर परियोजनाएं दिवालिया होने की प्रक्रिया में हैं। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण करीब 25 हजार फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री अटकी पड़ी है। प्राधिकरण के भी करीब 4233 करोड़ रुपये फंस गए हैं। पैसे लेने के लिए प्राधिकरण सख्ती भी नहीं बरत पा रहा है। अगर आपने भी इन 15 प्रोजेक्ट्स में फ्लैट खरीदा है तो जरूर चेक कर लें। कहीं आपका घर भी इन्हीं प्रोजेक्ट्स में शामिल तो नहीं है?

नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर परियोजनाओं का पूरा ब्योरा जारी किए जाने से बिल्डरों में खलबली मचनी शुरू हो गई है। ऐसे में परियोजनाओं में फ्लैट बुकिंग की रफ्तार काफी धीमी पड़ सकती है। प्राधिकरण की ओर से दी गई जानकारी में 15 ऐसे बिल्डर परियोजना भी सामने आई हैं जिनके मामले एनसीएलटी में चल रहे हैं। ये बिल्डर डूबने के कगार पर पहुंच गए हैं। इन पर प्राधिकरण का करीब 4233 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें 24980 खरीदार बचे हैं, जिनके फ्लैटों की रजिस्ट्री होनी बाकी है। सोसाइटी के काम आईआरपी के जरिए होंगे अधिकारियों ने बताया कि 15 में से चार ऐसी परियेजनाएं हैं जिनके स्वीकृत फ्लैट में से एक की भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी है। इसके अलावा सोसाइटी से जुड़े आईएफएमएम का पैसा व काम आईआरपी के जरिए होंगे।

समय-समय पर अपडेट किए जाएंगे डाटा



अधिकारियों ने बताया कि वेबसाइट पर परियोजनाओं के रिकॉर्ड समय-समय पर अपडेट किये जाएंगे। बकाया राशि और रजिस्टी हो चुके फ्लैट के रिकॉर्ड में बदलाव होता रहेगा। वहीं, इन परियोजनाओं के घर खरीदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वह अपनी जमा पूंजी इन फ्लैट में लगा चुके हैं। इनकी रजिस्ट्री और घर के लिए वह अब अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। इन परियोजनाओं में प्राधिकरण के भी करोड़ों रुपये फंसे हैं।

इन प्रोजेक्ट्स की अटकी रजिस्ट्री, देखें लिस्ट

1. सुपरटेक लिमिटेड, सेक्टर-74, 676.64 करोड़ रुपये बकाया 5355-फ्लैट
2. अजनारा इंडिया, सेक्टर-74, 47.66 करोड़ रुपये बकाया 425-फ्लैट
3. लॉजिक्स सिटी, सेक्टर-143, 555.58 करोड़ रुपये बकाया 3,729-फ्लैट
4. थ्री सी प्रोजेक्ट, सेक्टर-168, 479.40 करोड़ रुपये बकाया 2454-फ्लैट
5. टुडे होम्स नोएडा, सेक्ट-135, 167.13 करोड रुपये बकाया 1,679-फ्लैट
6. सुपरटेक लिमिटेड, सेक्टर-137, 121.06 करोड़ रुपये बकाया 917-फ्लैट
7. हेसिंडा प्रोजेक्ट, सेक्टर-107 137.82 करोड़ बकाया 336-फ्लैट
8. लॉजिक्स इंफ्राटेक, सेक्टर-143 645.51 करोड़ रुपये बकाया 2,196-फ्लैट
9. जीएसएस प्रोकॉन, सेक्टर-143 बी 69.66 करोड़ रुपये बकाया 288-फ्लैट
10. ऑप्यूलेंट इंफ्राडेवलपर्स, सेक्टर -168, 90.56 करोड़ बकाया, 454-फ्लैट

## कांग्रेस सांसद सुरजेवाला के विरुद्ध चल रही कार्यवाही नहीं होगी रद्द : हाई कोर्ट

### –वाराणसी के कैंट थाने में बलवा, तोड़फोड़ व सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का केस दर्ज

प्रयागराज ।वाराणसी के कैंट थाने में दर्ज बलवा, तोड़फोड़ व सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मुकदमे में कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला को इलाहाबाद हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने सुरजेवाला के विरुद्ध चल रही कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया है। हालांकि, न्यायालय ने सुरजेवाला को अधीनस्थ अदालत में उन्मोचन अर्जी दाखिल करने की अनुमति दी है। साथ ही उन्मोचन अर्जी के निस्तारण तक उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता ने रणदीप सिंह सुरजेवाला की याचिका पर दिया है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि इस स्तर पर साक्ष्यों का मूल्यांकन इस अदालत द्वारा नहीं किया जा सकता। प्रकरण वर्ष 2000 का है। वाराणसी के कैंट थाने में बलवा, तोड़फोड़, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, अधिकारियों और पुलिस पर हमला करने आदि गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे की कार्रवाई वाराणसी की स्पेशल कोर्ट एमपी/ एमएलए में चल रही है।



## फर्जी वीजा प्रदाताओं के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़

### –करीब 300 लोगों को ठगा

नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस ने दो लोगों की गिरफ्तारी के साथ ही पश्चिमी दिल्ली में फर्जी वीजा प्रदाताओं के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है, इसने करीब 300 लोगों को ठगा था। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान राजस्थान निवासी गोगराज उर्फ रिजवान (31) और हरियाणा निवासी सुशील उर्फ अंकित (23) के रूप में हुई है। ये दोनों मध्य पूर्व में नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अपना निशाना बनाते थे। पिछले चार माह में उनके द्वारा लगभग 300 लोगों को ठगा गया। पुलिस ने कहा कि गिरोह का पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराने के लिए एक डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ भी गठजोड़ था, ताकि वे उन्हें वास्तविक दिखा सकें। पुलिस ने कहा, मामला पुलिस के संज्ञान में तब आया जब एक शिकायतकर्ता अन्य पीड़ितों के साथ पुलिस चौकी पर आया। पुलिस अधिकारी ने कहा, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़ करने के लिए अन्य सह-आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपी मीट वीजा के नाम से सुभाष नगर में फर्जी वीजा कंपनी चलाते थे। डीसीपी ने कहा कि आरोपी सोशल मीडिया और ऑनलाइन विज्ञापनों के द्वारा मिडिल ईस्ट में नौकरी दिलाने का झांसा देकर पीड़ितों को फंसाते थे। जब कोई दिलचस्पी दिखाता, तब वे उसको सुभाष नगर स्थित अपने कार्यालय बुला लेते। इसके बाद वे अपना पासपोर्ट और भुगतान का हिस्सा ले लेंगे। पूरी प्रक्रिया को वास्तविक बनाने के लिए उन्होंने डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ एक लिंक स्थापित किया था, जहां आवेदकों का मेडिकल परीक्षण किया जाता था। पासपोर्ट पर मुहर लगाने के लिए या तब हाथ से या कूरियर के माध्यम से नेपाल भेजा गया था। मुहरबंद वीजा सौंपने के बाद शेष भुगतान लिया गया था। पीड़ितों को पता चलेगा कि उनके साथ हवाईअड्डे के आव्रजन काउंटर पर ही धोखा दिया गया है।

## समृद्धि एक्सप्रेसवे में 100 दिन में 900 से ज्यादा दुर्घटनाएं, अब तक गई 31 लोगों की जान

### –ड्राइवर की अनिवार्य काउंसलिंग शुरु करने की तैयारी

मुंबई । पीएम मोदी द्वारा उद्घाटन के बाद शुरुआती 100 दिनों में नागपुर-मुंबई समृद्धि एक्सप्रेसवे पर 900 से ज्यादा दुर्घटनाएं हुई हैं। जिसमें अब तक 31 लोगों की जान गई है। इसकी जानकारी महाराष्ट्र सरकार के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के सर्वे से पता चली है। ये आंकड़े 20 मार्च, 2023 तक के हैं। इन दुर्घटनाओं को ध्यान में रखकर अधिकारियों ने अब एक्सप्रेसवे के सभी प्रवेश द्वार पर ड्राइवर की अनिवार्य काउंसलिंग शुरू करने का निर्णय लिया है। समृद्धि एक्सप्रेसवे के पहले खंड शिरडी के हिस्से का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 11 दिसंबर को किया था। राज्य परिवहन विभाग और महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक की। वहीं बैठक की अध्यक्षता करने से ठीक एक दिन पहले, उप परिवहन आयुक्त भरत कलास्कर ने एक्सप्रेसवे का निरीक्षण करने के लिए करीब 500 किलोमीटर की यात्रा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि एक्सप्रेसवे के सभी आठ प्रवेश पोस्ट पर ड्राइवरों की अनिवार्य काउंसलिंग आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग का ज्यादा फोकस ओवरस्पीडिंग पर कंट्रोल लगाने पर होगा। इसके लिए नागपुर-शिर्डी खंड में आठ परामर्श केंद्र बनाए जाएंगे। प्रत्येक जिले में एक केंद्र अगले सात दिनों में स्थापित किया जाएगा। आरटीओ अधिकारियों द्वारा ओवरस्पीडिंग पर अंकुश लगाने के लिए ड्राइवरों के लिए 30 मिनट से 1 घंटे का परामर्श सत्र होगा। जो कि सबसे अधिक दुर्घटनाएं होने का बड़ा कारण है। परामर्श सत्र सड़क सुरक्षा पर एक लघु फिल्म के साथ शुरु होगा। जिसके बाद ड्राइवर के जरिए प्रश्न पत्र हल किया जाएगा और खतरनाक ड्राइविंग में शामिल नहीं होने की शपथ दिलाई जाएगी। चालकों को टायरों के कम/अधिक फुल जाने और घिसे-पिटे टायरों के खतरों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बोर्ड लगाने के लिए एमएसआरडीसी को कई निर्देश भी दिए। इस दौरान 11 दिसंबर, 2022 से 20 मार्च, 2023 तक समृद्धि एक्सप्रेसवे के दुर्घटना के आंकड़ों को खंगाला गया। जिसके मुताबिक वाहनों की तेज स्पीड के कारण हुई यांत्रिक खराबी के कारण 400 से ज्यादा दुर्घटनाएं हुईं। वहीं टायर पंक्चर और टायर फटने के कारण क्रमशः 130 और 108 से ज्यादा दुर्घटनाएं हुईं। इस तरह, यातायात के लिए खोले गए एक्सप्रेसवे के हिस्से पर ईंधन से चलने वाले वाहनों ने 14 फीसदी (126) दुर्घटनाओं में योगदान दिया। हालांकि सर्वे के मुताबिक कोई अलग डेटा साझा नहीं किया गया था। समृद्धि महामार्ग पर दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में पीछे से लड़ने पर दुर्घटनाएं, ड्राइवरों का सो जाना, तकनीकि खराबी होना या फिर वाहन के सामने जानवरों का अचानक आ जाना शामिल था।

## बोरे में 90 हजार रुपये के सिक्के लेकर शोरुम पहुंचा युवक

### –शोरुम कर्मचारियों को सिक्के गिनने में आया पसीना

गुवाहाटी ।असम के दारंग जिले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यहां लोग तब सन्न रह गए जब एक शख्स सिक्कों से भरी बोरी के साथ स्कूटर खरीदने पहुंचा। शख्स का नाम सैदुल हक है, और वह दारंग जिले के सिफाझार इलाके का रहने वाला है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह सिक्कों से भरी बोरी के साथ शोरूम में बेधड़क घुस गए। शो रूम में मौजूद स्टाफ भी उन्हें देख कर चौंक गया। सैदुल हक बोरी में 5 और 10 रुपये के सैकड़ों सिक्के लेकर स्कूटर खरीदने पहुंचे थे। सैदुल ने कहा, मैं बड़गांव इलाके में एक छोटी सी दुकान चलाता हूं। मेरा सपना था कि मैं एक स्कूटर खरीदूं। मैं 5 से 6 साल से सिक्के जुटा रहा था। मेरा सपना पूरा हो गया है। मुझे कामयाबी मिल गई है। मैं सच में बहुत खुश हूं। बोरी में सिक्कों को देखकर शोरूम का स्टाफ भी हैरान रह गया। शख्स ने जब मौजूद स्टाफ को बताया कि वह सिक्कों से स्कूटर खरीदना चाहते हैं, तब स्टाफ ने उन पर भरोसा नहीं किया। उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि कोई शख्स इतने सिक्का कैसे जमा कर सकता है कि वह उससे स्कूटर खरीद सके। लेकिन जब स्टाफ ने सिक्कों को गिनना शुरू किया, तब उनके पसीने छूट गए। बोरी में एक स्कूटर खरीदने के लिए पर्याप्त सिक्के मौजूद थे। इसके बाद शोरूम के कर्मचारी सैदुल हक को फार्म भरने के लिए देते हैं। हक फार्म भरने के बाद अपने सिक्कों की बोरी को खोलते हैं और इन्हें कर्मचारियों के सामने गिनवाते हैं। इसके बाद इन सिक्कों को अलग-अलग डिब्बों में भर दिया गया। दोपहिया वाहन शोरूम के मालिक ने कहा, 'जब मेरे एक्जीक्यूटिव ने मुझे बताया कि एक ग्राहक हमारे शोरूम में 90,000 रुपये के सिक्कों के साथ एक स्कूटर खरीदने आया है। तब मुझे यह जानकर खुशी हुई। क्योंकि मैंने टीवी पर ऐसी खबरें देखी थीं। मैं चाहता हूं कि वह भविष्य में एक फोर व्हीलर खरीद लें।

# गृह मंत्री शाह ने एलओसी के पास कुपवाड़ा में मां शारदा मंदिर का किया उद्घाटन

### –कर्नाटक के श्रृंगेरी मठ से लाई गई देवी की मूर्ति




**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू एवं कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में बुधवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास देवी शारदा की एक मूर्ति स्थापित की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े और कुपवाड़ा में मां शारदा मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज के शुभ दिन पर माता शारदा मां के मंदिर को आज से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। आज मैं वहां नहीं हूं, लेकिन मैं जब भी जम्मू आऊंगा मेरी यात्रा की शुरुआत मंदिर के दर्शन के साथ होगी। 76 साल बाद कुपवाड़ा के टीटवाल इलाके में देवी के लिए एक मंदिर का निर्माण किया गया है और देवी की मूर्ति कर्नाटक के श्रृंगेरी मठ से लाई गई है।

मूर्ति की स्थापना कश्मीरी हिंदू नववर्ष के पहले दिन नवरेह पर की गई है। देश के विभाजन से पहले टीटवाल देवी शारदा के मंदिर का ऐतिहासिक बेस कैंप था। कृष्णगंगा नदी के तट पर स्थित मूल मंदिर और एक निकटवर्ती गुरुद्वारा 1947 में आदिवासी हमलावरों द्वारा नष्ट कर दिया गया था। देवी की मूर्ति की स्थापना और टीटवाल में मंदिर के निर्माण का स्थानीय मुसलमानों द्वारा व्यापक रूप से स्वागत किया गया है। वो मानते हैं कि इससे इस क्षेत्र को अपनी खोई हुई गरिमा और तीर्थ के पवित्र स्थान के रूप में मान्यता मिलेगी।

शारदा पीठ शिक्षा का एक प्राचीन केंद्र था, जहां न केवल भारत बल्कि मध्य एशिया से भी विद्वान आते थे। 6ठीं और 12वीं शताब्दी के बीच शारदा पीठ उपमहाद्वीप के सबसे प्रमुख मंदिर विश्वविद्यालयों में से एक था। बुधवार को ऐतिहासिक धार्मिक समारोह का हिस्सा बनने के लिए टीटवाल में इकट्ठा हुए सैकड़ों भक्तों और विद्वानों में कर्नाटक के श्रृंगेरी मठ के लगभग 100 पुजारी हैं।

## ममता के दर्शन करने के बाद चार घंटे बंद रहेगा जगन्नाथ मंदिर

पुरी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 12वीं सदी के मंदिर के दर्शन के तय कार्यक्रम के तुरंत बाद एक विशेष अनुष्ठान के लिए श्री जगन्नाथ मंदिर बुधवार को श्रद्धालुओं के लिए चार घंटे के लिए बंद रहेगा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि, उनके मंदिर जाने के दौरान मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। भगवान जगन्नाथ की भक्त ममता यहां शाम चार बजे पूजा-अर्चना करने पहुंचेंगी। उनके मंदिर में करीब एक घंटे तक रुकने की संभावना है। भगवान विष्णु का यह मंदिर हिंदुओं के चार प्रमुख धाम में से एक है। भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की पूजा करने के अलावा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री 'बाण बंध' (मंदिर के ऊपर झंडा बांधना) अनुष्ठान देखेंगी। ममता ने पिछली बार मंदिर की अपनी यात्रा के दौरान भी यह अनुष्ठान देखा था। सिंह द्वार पर मंदिर प्रशासन के लोग उनकी अगवानी करेंगे। एक कर्मचारी ने कहा, '' वीवीआईपी श्रद्धालु की यात्रा के दौरान अन्य श्रद्धालुओं के लिए मंदिर बंद रखने की कोई योजना नहीं है।'' उन्होंने कहा कि मंदिर के भीतर उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

## डीके शिवकुमार बोले, जेपी नड्डा को राहुल गांधी से लगता है डर, उनकी सादगी ने बीजेपी में खौफ पैदा कर दिया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक में जमकर राजनीति हो रही है। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं। इन सब के बीच कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार ने भाजपा पर प्रहार किया है। डीके शिवकुमार ने साफ तौर पर कहा कि मुझे लगता है कि जेपी नड्डा को राहुल गांधी से डर लगता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सादगी ने बीजेपी में खौफ पैदा कर दिया है। इसलिए वे आए दिन राहुल गांधी का नाम ले रहे हैं। वे उन पर अप्रत्यक्ष रूप से भी हमला कर रहे हैं। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने कर्नाटक को भ्रष्टाचार की राजधानी बनाकर बहुत बड़ी गलती की है।

डीके शिवकुमार ने कहा कि वे भ्रष्टाचार के जरिए तमिलनाडु को जीतने की कोशिश कर रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी सत्ता में आएगी। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा था कि उनकी पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चहुंमुखी और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जबकि कांग्रेस अब भी वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देने में व्यस्त है और अपने नेता राहुल गांधी को बार-बार नए तरीके से पेश कर रही। कर्नाटक में मई में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की 'विजय संकल्प यात्रा' के तहत एक जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि चुनावों में जीत हासिल करने में असमर्थ राहुल गांधी विदेशी धरती पर भारत में लोकतंत्र के खतरे में होने का आरोप लगा रहे हैं।

केपीसीसी प्रमुख ने बाबूराव चिंचानसूर का पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के मछुआरा समुदाय के सबसे बड़े नेता हैं। उन्होंने परिषद के सदस्यों से इस्तीफा दे दिया है और कर्नाटक के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह पूरे कर्नाटक के लिए एक बड़ी ताकत होंगे। वह उस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं जहां मल्लिकार्जुन खड़गे लगातार 8-9 बार थे। मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष बन गए हैं।

## अमृतपाल पर पंजाब में सियासत, पुलिस कार्रवाई में फंसे सिख युवकों को कानूनी मदद देगा शिरोमणि अकाली दल

**नागपुर (एजेंसी)।** शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने मंगलवार को कहा कि पार्टी भगोड़े खालिस्तानी नेता अमृतपाल सिंह की तलाश में पंजाब पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी सिख युवाओं को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल ने ट्विटर पर कहा कि शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब में चल रही अतिरिक्त संवैधानिक कार्रवाई में गिरफ्तार सभी सिख युवाओं को पूरी कानूनी सहायता प्रदान करने का फैसला किया है और यह सुनिश्चित किया है कि आप पंजाब द्वारा उनके अधिकारों को नहीं कुचला जाए। शिरोमानी अकाली दल ने कानूनी टीम के हेल्पलाइन संख्याओं की सूची जारी की है- अरशदीप एस क्लेर 8054200007, हरीश राय ढदा 9814220300, गुरमीत एस मान 9815533999, भगवांत एस सियालक 9815250589, एमडीईपीआर 9815250589, सनी 9872360026, जुबिन 9855572302, रविंदर एस सांपला 9814474445, शिरोमणि अकाली दल कार्यालय 0172-2639256।

बादल ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि शिरोमणि अकाली दल गैर-संवैधानिक तरीकों का सहारा लेकर केवल संदेह के आधार पर निर्दोष सिख युवाओं, विशेषकर अमृतधारी युवाओं की अंधाधुंध गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करता है। हम जारी कार्रवाई में गिरफ्तार सभी निर्दोषों की तत्काल रिहाई की मांग करते हैं। उन्होंने आगे ट्वीट किया, 'शिरोमणि अकाली दल न्याय के लिए खड़ा है और आम तौर पर पंजाबियों के अधिकारों की रक्षा करता है और विशेष रूप से सिखों को संघीय ढांचे के भीतर, राज्यों को अधिक शक्तियों के साथ, एक मांग अब अन्य राजनीतिक दलों द्वारा भी प्रतिध्वनित होती है'।

## 18 बच्चों की मौत का कफ सीरप बनने वाली कंपनी मैरियन बायोटेक का लाइसेंस निरस्त

### –उज्बेकिस्तान में हुई थी 18 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उज्जेबेकिस्तान में 18 बच्चों की मौत के मामले में नोएडा की दवा कंपनी मैरियन बायोटेक के सैंपल फेल होने पर कंपनी का लाइसेंस निरस्त किया गया है। स्टेट लाइसेंस अथॉरिटी ने कंपनी को इसकी जानकारी दी है। जिला ड्रग इंस्पेक्टर वैभव बब्बर ने बताया कि जनवरी में मैरियन बायोटेक कंपनी से 36 सैंपल जांच के लिए भेजे थे, जिसमें से 22 सैंपल फेल होने पर कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। इस आधार पर कंपनी का लाइसेंस निरस्त करने के लिए स्टेट लाइसेंस अथारिटी को भेजा गया था। जिसके बाद कंपनी का लाइसेंस कैंसल कर दिया गया है।

कंपनी के कफ सीरप डॉक-1 मैक्स में डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल केमिकल मिलाया जा रहा था। यह केमिकल भारत सहित कई देशों में बैन है। इस सीरप को ताकतवार और टेस्टी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। चंडीगढ़ लैब से आई सीरप के सैंपल की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। अलग-अलग जांच में सीरप के 22 सैंपल फेल हुए हैं। यह वहीं कफ सीरप है, जिस उज्बेकिस्तान सरकार ने 18 बच्चों की मौत का जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद ही मामले में भारत सरकार सक्रिय हुई। सीरप का सैंपल लिए गए और जांच के लिए भेजे गए। डायथिलीन/एथिलीन ग्लाइकॉल को मिलाने से इसे पीने पर कड़वाहट महसूस नहीं होती है। मगर, केमिकल की ज्यादा मात्रा कप सीरप को धीमी मौत का सामान बना देती है। अब जिन देशों में इस सीरप की सप्लाई हुई है, उन्हें वापस मंगाया जा रहा है। वहीं, इस मामले में कंपनी के 3 अधिकारी जेल भेजे जा चुके हैं, जबकि टॉप लेवल के अफसर फरार चल रहे हैं।

मामले में भारत में 27 दिसंबर 2022 को दूतावास से सूचनाएं मिलनी शुरू हुईं। 28 दिसंबर 2022 को फार्मास्युटिकल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल उदया भास्कर ने मैरियन बायोटेक के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन जैन को एक ईमेल भेजी। इसमें बताया कि उज्बेकिस्तान में 2 महीने के भीतर 18 बच्चों की मौत हो गई। भारतीय दूतावास और मीडिया रिपोर्ट में सीरप पीने से मौत होने का दावा किया गया। ये भी बताया गया कि सीरप भारत में नोएडा स्थित मैरियन बायोटेक कंपनी में बना था।

# अंतरिक्ष को एक हथियार बनाने की दौड़ पहले ही शुरू हो चुकी: चौधरी

### –केंद्र स्वदेशी हाथियारों के इस्तेमाल पर जोर दे रहा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी का कहना है कि अंतरिक्ष को एक हथियार बनाने की दौड़ पहले ही शुरू हो चुकी है। वह दिन दूर नहीं जब युद्ध वायु, भूमि, समुद्र, साइबर के साथ-साथ अंतरिक्ष के विभिन्न क्षेत्रों तक फैल जाएगा। एयर चीफ ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए आक्रामक और रक्षात्मक अंतरिक्ष क्षमताओं को विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में हमें अपनी शुरूआती सफलताओं को भुनाने और भविष्य के लिए खुद को तैयार करने की जरूरत है। एक कार्यक्रम में वायु सेना प्रमुख ने कहा कि रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों को बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए विकसित तकनीक को बाजार में लाना चाहिए। चौधरी का मानना है कि जब तक इस क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारक एक साथ नहीं आते, तब तक ठोस प्रगति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अनुसंधान और विकास, प्लेटफॉर्म, सेंसर और हथियारों का उत्पादन भविष्य की क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

वायु सेना प्रमुख ने मौजूदा संपत्ति की सुरक्षा के लिए आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं के निर्माण और निर्देशित ऊर्जा हथियारों को विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष ने दिखाया है, कि तकनीकी क्षमता को मुकाबला करने की क्षमता के साथ साथ पूरक होने की भी आवश्यकता है। इसलिए हमारे रक्षा उद्योगों को भी भविष्य के किसी भी संघर्ष में सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तकनीकी गुणवत्ता को अपनाने की आवश्यकता है। इसी क्रम में डीआरडीओ की पांच युवा वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं को 2020 में बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और हैदराबाद में लांच किया गया है। डीआरडीओ ने डिजाइन और विकास में निजी क्षेत्र के साथ हाथ मिलाया है और उद्योग के डिजाइन, विकास और निर्माण के लिए 108 सिस्टम और सबसिस्टम की पहचान की है। वायु सेना प्रमुख का मानना है कि भारत सरकार का आत्मनिर्भर भारत का लिया हुआ संकल्प देश को न सिर्फ वैश्विक पटल पर और मजबूत कर रहा है, बल्कि भारत निर्मित स्वदेशी उपकरणों के प्रति विदेशी सेनाओं के भरोसे को भी दिखा रहा है।

केंद्र सरकार रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी डिजाइन और विकास पर जोर देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सशस्त्र बलों में के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पिछले 8 वर्षों में कई तरह के नीतिगत निर्णय लिए गए हैं और इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए आज सेना ने कई नए स्वदेशी सैन्य उपकरण शामिल किए हैं, जिनमें लैंड माइंस, पर्सनल वेपन्स और इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल शामिल हैं। इसके अलावा इस बार के गणतंत्र दिवस में मेड इन इंडिया यानी स्वदेशी हथियारों की झलक शामिल थी।

## एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने बुलाई विपक्षी नेताओं की बैठक, ईवीएम के मुद्दे पर होगी चर्चा

मुंबई । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने ग्रामीण इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर चर्चा के लिए गुरुवार को राज्यसभा में विपक्षी दलों के फ्लोर नेताओं को एक बैठक के लिए आमंत्रित किया है। बैठक कल शाम छह बजे पवार के आवास पर होगी। सभी विपक्षी नेताओं को लिखे पत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख ने कहा कि वह उन सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाने का प्रस्ताव रखते हैं, जिन्हें ग्रामीण इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की प्रभावकारिता पर संदेह है। यह विकास मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा कुछ नागरिक समाज कार्यकर्ताओं और राजनीतिक दलों द्वारा उठाए गए संदेहों का जवाब देने के वादे के बाद आया है। पवार ने कहा कि बैठक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के हित में और प्रतिष्ठित आईटी पेशेवरों और क्रिप्टोग्राफरों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों को सुनने के लिए बुलाई गई है। सीसीई की रिपोर्ट में कुछ बहुत ही प्रासंगिक सवाल उठाए गए हैं। रिपोर्ट में प्रख्यात सूचना प्रौद्योगिकी प्रोफेसरों, क्रिप्टोग्राफरों और सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों के विचार शामिल हैं। नागरिक समाज ने मई 2022 में ईसीआई को एक पत्र और दो सप्ताह के बाद एक और अनुस्मारक (अनुलग्नक 3) प्रस्तुत किया था।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया और भारत के संबंधों ने छुई नई ऊंचाइयां: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया के संस्कृतिक और आध्यात्मिक सम्बंध शताब्दियों पुराने हैं। इस दृष्टि से आप विदेश में नहीं बल्कि अपने पूर्वजों के घर में आए हैं। कोरिया के ध्यान पंथ श्योन की उत्पत्ति श्रावस्ती के जैतवन से हुई है। उन्होंने कहा कि दो हजार वर्ष पूर्व अयोध्या की राजकुमारी ने जलमार्ग से दक्षिण कोरिया की यात्रा की थी। जहां उनका विवाह राजा किम सुरो के साथ हुआ। वहां उनका नाम हू वांग आंक पड़ा। उन दोनों से कड़क वंश की स्थापना हुई। वर्तमान समय में दक्षिण कोरिया में एक बड़ी आबादी इस वंश से जुड़ी हुई है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया और भारत के संबंध एक नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 2018 में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई इन और प्रधानमंत्री मोदी ने यूपी के गौतमबुद्धनगर में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की नई मोबाइल फोन निर्माण इकाई का संयुक्त रूप से उद्धघाटन किया था।

भारत-दक्षिण कोरिया के राजनयिक संबंधों के पचास वर्ष पूर्ण होने पर कोरिया जोग्ये भिक्षु संघ के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया की स्वतंत्रता की तिथि 15 अगस्त है। वर्तमान में भारतवासी अपनी आजादी के अमृत महोत्सव के उपरांत अमृत काल के प्रथम वर्ष में प्रवेश किये हैं। भारत और दक्षिण कोरिया जी20 समूह के सदस्य हैं। अपनी आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारत को जी20 समूह की अध्यक्षता करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस वर्ष जी20 की थीम एक धरा, एक परिवार और एक भविष्य है। यह भारत की प्राचीन वसुधैव कुटुंबकम के भाव से जोड़ती है। पूरी दुनिया में जब मैत्री और करुणा की बात होती है तो विश्व मानवता भगवान बुद्ध की बात करती है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए यह गौरव का विषय है कि भगवान गौतमबुद्ध से जुड़े अनेक स्थल यहां पर अवस्थित हैं। भगवान बुद्ध ने अपने जीवन का दो तिहाई हिस्सा उत्तर प्रदेश में व्यतीत किया था।

सीएम योगी ने कहा कि वाराणसी के समीप सारनाथ में भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। भगवान बुद्ध ने सर्वाधिक 25 वर्षावास श्रावस्ती में व्यतीत किया था। उनकी महापरिनिर्वाण स्थली भी कुशीनगर भी उत्तर प्रदेश में हैं। उत्तर प्रदेश में पवित्र बौद्ध स्थल श्रावस्ती, कपिलवस्तु, देवदह, कुशीनगर, संकिशा, ललितपुर, देवगढ़, आई छत्र बरेली और कौशांबी बौद्ध हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का एक मात्र राज्य है जहां सरकारी स्तर पर संचालित विशाल बुद्ध विहार शांति उपवन है। हमारे प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान भी है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी बौद्ध स्थलों को विकसित किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट संचालित हो गया है। श्रावस्ती एयरपोर्ट का विकास युद्ध स्तर पर चल रहा है शीघ्र ही हम उसे वायु सेवा से जोड़ेंगे। महात्मा बुद्ध के नाम पर हम एक कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुशीनगर में ही स्थापित करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया का परस्पर व्यापार 28 बिलियन डॉलर का है, जिसमें भारत नौ बिलियन डॉलर की वस्तुएं निर्यात करता है और 19 बिलियन डॉलर की वस्तुएं आयात भी करता है। आधुनिक युग में भारत और दक्षिण कोरिया के राजनितिक सम्बंध के पचास वर्ष पूरे हो रहे हैं, लेकिन वास्तव में भारत और दक्षिण कोरिया के आध्यात्मिक सम्बंध शताब्दियों पुराने हैं। दोनों देशों की खुशहाली की प्रार्थना जब भिक्षु संघ या हमारे संत करते हैं तो वह निश्चित ही फलीभूत होती है।

कार्यक्रम में जोग्ये भिक्षु संघ के नायक जोस्यून, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयदेव सिंह, दक्षिण कोरिया में भारत के राजदूत अमित कुमार, भारत में दक्षिण कोरिया के उप राजदूत सांग हो लिम, इंटरनेशनल इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कंफेडरेशन के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु मौजूद थे।

### 43 दिनों में की 1168 किमी यात्रा

दक्षिण कोरिया की सैंगवोल सोसाइटी इस पैदल यात्रा की आयोजक है। कोरिया के बौद्ध भिक्षुओं की यह यात्रा सारनाथ से शुरू होकर, बोधगया, गृद्धकूट पर्वत राजगीर, नालंदा, वैशाली, कुशीनगर, लुंबनी, कपिलवस्तु के दर्शन करते हुए श्रावस्ती में सम्पन्न हुई थी। इसके बाद बौद्ध भिक्षु लखनऊ पहुंचे, जहां सीएम योगी ने उनका अभिनंदन किया। भिक्षु संघ ने 43 दिनों में 1168 किमी. यात्रा की है।

## अमेरिका में फायरिंग में नाबालिग की मौत, 5 महिलाएं घायल

मिलवॉकी । अमेरिका के मिलवॉकी शहर में गोलीबारी की एक घटना में 15 साल के एक लड़के की मौत हो गई, जबकि पांच युवतियां घायल हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया सोमवार रात 11 बजकर करीब 30 मिनट पर हुई गोलीबारी में लड़के की मौके पर ही मौत हो गई। मिलवॉकी काउंटी के चिकित्सा परीक्षक कार्यालय ने मारे गए लड़के की पहचान डेवियन पैटरसन के रूप में की है। पुलिस के अनुसार घायल युवतियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जांचकर्ताओं ने कहा कि वे अज्ञात संदिग्धों की तलाश कर रहे हैं और यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि गोलीबारी किस वजह से हुई। जैकलीन मूर नाम की एक स्थानीय महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी की लगभग तीन साल पहले उसी इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मूर ने कहा कि 15 साल का हो या 14 साल का इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। वह अभी भी एक बच्चा था। किसी ने अपना बच्चा फिर से खो दिया। एक और अश्वेत माता-पिता को अपने बच्चे को दफनाना पड़ रहा है।

## पुतिन ने शी जिनपिंग के सामने ब्रिटेन को दी धमकी

### -ब्रिटेन यूक्रेन को दे रहा यूरेनियम से लैस गोले

मास्को । रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन युद्ध के बीच ब्रिटेन को बड़ी चेतावनी दी है। पुतिन ने कहा कि अगर ब्रिटेन ने यूरेनियम से लैस टैंक को भेदने वाले गोले दिए, तब रूस को जवाबी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ब्रिटेन अपने चैलेंजर 2 युद्धक टैंक के लिए इन यूरेनियम से लैस गोलों को देने जा रहा है। पुतिन ब्रिटेन की रक्षा राज्य मंत्री अन्नाबेल गोल्डी के बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। ब्रिटिश मंत्री ने इस बात की पुष्टि की कि कम यूरेनियम वाले टैंक के गोले चैलेंजर 2 टैंक के लिए यूक्रेन भेजे जा रहे हैं। पुतिन ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा, ब्रिटेन ने न केवल टैंक सप्लाई करने का ऐलान किया है बल्कि यूरेनियम से लैस गोले भेजने का ऐलान किया है। अगर ऐसा होता है, तब रूस जवाबी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश परमाणु तत्व से लैस हथियारों का इस्तेमाल पहले ही शुरू कर चुके हैं। इससे पहले ब्रिटिश मंत्री ने कहा था कि ये यूरेनियम से लैस गोले अत्याधुनिक टैंकों और हथियारबंद वाहनों को तबाह करने में बहुत कारगर हैं। यह खास यूरेनियम परमाणु ईंधन या परमाणु बम बनाने के लिए संवर्द्धन प्रक्रिया के दौरान निकलता है। संयुक्त राष्ट्र ने इस टैंक के गोले को बहुत जहरीला करार दिया है। वहीं ब्रिटेन ने पुतिन की चेतावनी को खारिज कर कहा कि ये गोले कई दशकों से इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इसका परमाणु हथियारों से कोई ताल्लुक नहीं है। पुतिन ने कहा कि चीन की शांति योजना यूक्रेन में लड़ाई के समाधान के लिए एक आधार प्रदान कर सकती है बशर्ते पश्चिमी देश इसके लिए तैयार हों। इस बीच रूस और यूक्रेन के अधिकारियों ने क्रीमिया के एक शहर में सोमवार को हमले के संबंध में अलग-अलग दावे किए हैं। यूक्रेन की सेना ने ट्रेन के जरिए ले जाईं जा रही रूसी क्रूज मिसाइल को नष्ट करने का दावा किया है। वहीं, रूस का दावा है कि यूक्रेन के ड्रोन ने जांकोई में असैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। यूक्रेन की सेना की प्रवक्ता ने संकेत दिया कि उत्तरी क्रीमिया के जांकोई में कैलिबर क्रूज मिसाइल को उसकी सेना ने नष्ट किया हालांकि सीधे तौर पर इसकी जिम्मेदारी नहीं ली।

## रुसी ड्रोन हमलों से तीन यूक्रेनी नागरिकों की मौत, सात अन्य घायल

कीव । रूस के ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हुई और सात अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि कीव क्षेत्र में नागरिक बुनियादी ढांचे पर रात भर के रूसी ड्रोन हमले में तीन लोग मारे गए। राज्य आपातकालीन सेवा ने कहा कि तीन लोगों की मौत हो गई, दो लोग घायल हो गए और एक व्यक्ति को बचा लिया गया। चार लोगों के मलबे में दबे होने की संभावना है। कीव के सैन्य प्रशासन ने कहा कि तीन लोग मारे गए और सात घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि 100 से अधिक श्रमिकों और 28 वाहनों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। जीवित और बचे लोगों की तलाश उन हमलों के बाद जारी है। अधिकारियों ने बताया यूक्रेनी सेना ने ईरानी निर्मित घातक ड्रोन को शामिल किया था। राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने ट्विटर पर ट्वीट कर कहा 20 से अधिक ईरानी जानलेवा ड्रोन, प्लस मिसाइल के साथ कई गोलाबारी की घटनाओं को रूस ने अंजाम दिया है। राष्ट्रपति ने आगे कहा यह रूस की यूक्रेन के खिलाफ आतंक करने की एक आखिरी रात होगी।

## भारत के कड़े जवाब से रास्ते पर आया ब्रिटेन, भारतीय उच्चायोग की बढ़ाई सुरक्षा

लंदन। ब्रिटेन सरकार ने खालिस्तानी समर्थकों के विरोध से पहले लंदन में भारतीय मिशन के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी है। कुछ ब्रिटिश सिख समूहों द्वारा नियोजित प्रदर्शन के कारण बुधवार को यहां भारतीय उच्चायोग के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं। बता दें कि खालिस्तान समर्थकों ने रविवार को राजनयिक मिशन के ऊपर लहरा रहे तिरंगे को गिराने की कोशिश की और इमारत को तोड़ने का प्रयास किया। हमले के बाद, भारत ने ब्रिटिश उप उच्चायुक्त को तलब किया और सुरक्षा की पूर्ण अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण मांगा। विदेश मंत्रालय ने कड़े शब्दों में बयान देते हुए कहा कि भारत ब्रिटेन में भारतीय राजनयिक परिसरों और कर्मियों की सुरक्षा के प्रति यूके सरकार की उदासीनता को 'अस्वीकार्य' पाता है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ' ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। हालांकि, उच्चायोग की ओर जाने वाले रास्ते पर लगाए गए बैरिकेड्स हटा दिए गए हैं, क्योंकि ये आने-जाने में परेशानी पैदा कर रहे थे। फेडरेशन ऑफ सिख ऑर्गेनाइजेशन (एफएसओ) और सिख यूथ जत्थेबंदिया जैसे समूहों द्वारा आयोजित एक तथाकथित 'राष्ट्रीय विरोध' के बैनर रविवार को एक विरोध प्रदर्शन से पहले से सोशल मीडिया पर प्रसारित होते दिखे। भारत सरकार ने अपने राजनयिक मिशन में सुरक्षा उपायों की कमी पर एक मजबूत विरोध दर्ज किया, जो कि खालिस्तान के झंडे लहराते हुए प्रदर्शनकारियों ने मिशन की खिड़कियों को तोड़ दिया और तिरंगे को नीचे खींचने का प्रयास किया।

## भूकंप से हिलने लगी धरती, लाइव खबर पढ़ता रहा पाकिस्तानी एंकर

### -सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो

इस्लामाबाद । पाकिस्तान में 21 मार्च को भूकंप से धरती हिलने लगी, वहीं हिलते हुए न्यूज रूम में पाकिस्तानी एंकर लाइव खबर पढ़ता रहा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल क्लिप को पाकिस्तान के एक पत्रकार इफ्तिखार फिरदौस ने अपने ट्वीटर एकाउंट पर शेयर किया है। ये क्लिप पेशावर के पश्तो भाषा के एक लोकल टीवी चैनल का है। इस क्लिप में देखा जा सकता है कि भूकंप के तेज झटकों से पूरा न्यूज स्टूडियो हिल रहा है, लेकिन इसकी कोई परवाह न करते हुए न्यूज एंकर दर्शकों को लाइव भूकंप की जानकारी देना जारी रखता है। कैमरे में एंकर के आसपास की चीजें हिलते हुए रिकॉर्ड हुई हैं और इसे लाइव टीवी पर देखा गया है। 39 सेकंड के वीडियो में एक न्यूज एंकर खबर पढ़ रहा होता है, तभी भूकंप के तेज झटके महसूस होते हैं। एंकर के पीछे का पूरा न्यूज रूम तेज झटकों के साथ हिल रहा होता है। इसमें सबसे खास बात यह रही कि इतने जोरदार झटकों के बावजूद एंकर बिना किसी घबराहट के और अपनी जान की कोई परवाह न करते हुए खबर लाइव पढ़ता रहता है। वहीं, न्यूजरूम में मौजूद बाकी लोग अपनी जान बचाकर भागने लगते हैं। भूकंप के बाद ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। लोग एंकर के बहादुरी और संयम की काफी तारीफ कर रहे हैं। 21 मार्च को उत्तर भारत के साथ-साथ पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यहां 6.8 की तीव्रता के साथ आए भूकंप में मरने वालों की संख्या नौ हो गई है, जबकि 100 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। बता दें कि यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। भूकंप का एपिसेंटर अफगानिस्तान के फैजाबाद से 133 किमी दूर दक्षिण पूर्व में था।






लास एंजिल्स स्कूल के कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## रक्षा मंत्री आसिफ ने बताया, भारत ने अभी आमंत्रित नहीं किया

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि भारत ने उन्हें 27 अप्रैल को नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में अभी तक आमंत्रित नहीं किया है। रक्षामंत्री आसिफ ने एससीओ सम्मेलन के लिए भारत आने की खबरों का खंडन किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें अभी तक निर्धारित बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया है और अगर भारत आने वाले दिनों में ऐसा करता है, तब भी कार्यक्रम में भाग लेने का अंतिम निर्णय पाकिस्तानी सरकार द्वारा लिया जाएगा। पिछले हफ्ते, यह बताया गया कि पाकिस्तान के रक्षा और विदेश मंत्री एससीओ बैठक में भाग लेने के लिए भारत आएंगे। एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक मई में गोवा में होने वाली है, जहां भारत द्वारा आमंत्रित नेताओं में बिलावल भुट्टो जरदारी और चीन के किन गैंग शामिल हैं। इस बीच, एक पाकिस्तानी सलाहकार ने पिछले सप्ताह नई दिल्ली में एससीओ की एक आभासी बैठक में भाग लिया।



## शी, पुतिन के संयुक्त बयान ने दिए संकेत, जी20 बैठक में यूक्रेन संकट पर चीन-रूस का रुख क्या रहने वाला है

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान से संकेत मिलता है कि दोनों देश संयुक्त रूप से जी20 में यूक्रेन संकट को उठाने का विरोध करेंगे, जैसा कि उन्होंने भारत द्वारा आयोजित दो प्रमुख मंत्रिस्तरीय बैठकों में किया है। मास्को में क्रेमलिन में दोनों नेताओं के बीच बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में हिंद-प्रशांत रणनीति का कड़ा विरोध किया गया, जिसमें कहा गया कि इसका शांति और स्थिरता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, और दोनों देशों को 'खुले और समावेशी एशिया' के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध किया गया है।

ये डेवलपमेंट ऐसे समय में आया है जब चीन और रूस ने संयुक्त रूप से जी7 सदस्य राज्यों द्वारा प्रयासों को रोकने के लिए संयुक्त रूप से काम किया है, जिसमें हाल ही में भारत द्वारा आयोजित जी20 वित्त और विदेश मंत्रियों की बैठकों के दौरान यूक्रेन में रूसी आक्रामकता की निंदा करने वाला पाठ शामिल है। जी20 का नाम लिए बिना, संयुक्त बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष 'अप्रासंगिक मुद्दों' को उठाने के लिए बहुपक्षीय मंचों के उपयोग का विरोध करेंगे। रूस और चीन दोनों ने कहा है कि जी20 को यूक्रेन युद्ध को उठाने का मंच नहीं होना चाहिए क्योंकि इसे आर्थिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बनाया गया था।

चीनी विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर मंदारिन में पोस्ट किए गए संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों पक्ष बहुपक्षीय मंचों के राजनीतिकरण और कुछ देशों द्वारा बहुपक्षीय मंचों के एजेंडे में अप्रासंगिक मुद्दों को शामिल करने और संबंधित तंत्रों के प्राथमिक कार्यों को कमजोर करने के प्रयासों की कड़ी निंदा करते हैं। भारतीय पक्ष ने चीन और रूस को उन देशों के रूप में नामित किया है जिन्होंने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा करने वाले पाठ को शामिल करने का विरोध किया है - जिस पर इंडोनेशिया में पिछले जी20 शिखर सम्मेलन में सहमति हुई थी - फरवरी में बेंगलुरु में जी20 वित्त मंत्रियों की बैठक में मसौदा विज्ञप्ति में और इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई।



## पाकिस्तान में अब सुप्रीम कोर्ट कराएगा चुनाव? मुख्य न्यायाधीश ने कहा- करेंगे हस्तक्षेप

**सियोल (एजेंसी)** पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बांदियाल ने कहा कि पाकिस्तान का चुनाव आयोग एक संवैधानिक निकाय है और उसे 'सुरक्षा की पेशकश' की जाएगी। इसके साथ ही चुनाव को लेकर गलत इरादा रखने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप करेगा। उन्होंने गुलाम महमूद डोगर को लाहौर राजधानी शहर के पुलिस अधिकारी के रूप में स्थानांतरित करने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई शुरू करने वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ के रूप में अवलोकन किया।

इस महीने की शुरुआत में ईसीपी ने मामले में एक पक्ष बनने के लिए एससी से संपर्क किया था, जिसमें कहा गया था कि 'पक्षपातपूर्ण अधिकारियों' के फेरबदल के बिना, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं होंगे। ईसीपी के आवेदन में तर्क दिया गया कि 2012 वर्कर्स पार्टी के मामले में शीर्ष अदालत ने ईसीपी को किसी भी भ्रष्ट आचरण या यहां तक कि संभावना से बचाव के लिए पूर्व-खाली उपाय करने के लिए बाध्य किया था ताकि चुनाव कानून के अनुसार आयोजित किए जा सकें। आज की कार्यवाही के दौरान, याचिकाकर्ता द्वारा याचिका वापस लेने के बाद शीर्ष अदालत ने याचिका का निस्तारण कर दिया।

आयोग के वकील ने अदालत को बताया कि पंजाब में प्रांतीय विधानसभा को भंग कर दिया गया है। चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना ईसीपी की जिम्मेदारी है, उन्होंने कहा कि नौकरशाही में तबादले भी इसके दायरे में आते हैं। सीजेपी ने टिप्पणी की कि यह साबित हो गया है कि अंतरिम पंजाब सरकार चुनावी प्रहरी की 'अनुमति' के साथ तबादले कर रही थी। उन्होंने कहा कि ईसीपी अंतरिम सरकार को तबादला आदेश भी दे सकती है।

## अफगान तालिबान का एक शिष्टमंडल गुपचुप तरीके से किया पाक का दौरा

### -टीटीपी पाकिस्तान व अफगान तालिबान के गले की फांस बना

**काबुल (एजेंसी)।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बिगड़ते जा रहे संबंधों के बीच रिश्ते सुधारने की पहल भी की जा रही है। बताया जा रहा है कि अफगान तालिबान का एक शिष्टमंडल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को लेकर पाकिस्तान की आशंकाओं को दूर करने के लक्ष्य से हाल ही में पाकिस्तान के एक गुपचुप दौरे पर आया था। इस शिष्टमंडल में खुफिया विभाग और सुरक्षा विभाग के अधिकारी शामिल थे। मीडिया ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि काबुल में तालिबान प्रशासन ने भी इसकी पुष्टि की है कि खुफिया महानिदेशालय (जीडीआई) के प्रमुख अब्दुल्ला गजनवी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल टीटीपी और पाकिस्तान को खतरे के संबंध में बात करने इस्लामाबाद आया था।

गौरतलब है कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के नेतृत्व में पिछले महीने एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल काबुल गया था और उस दौरान भी इन्हीं मुद्दों पर चर्चा हुई थी। हालांकि, पाकिस्तान का शिष्टमंडल उन कदमों से असंतुष्ट था और उसने ठोस कार्रवाई की मांग की थी। पाकिस्तान ने टीटीपी नेताओं के ठिकानों सहित अन्य साक्ष्यों के साथ अफगान तालिबान के समक्ष अपनी बात रखी थी। मीडिया के अनुसार इस्लामाबाद दौरे पर अफगान शिष्टमंडल ने संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की और सुरक्षा हालात तथा टीटीपी और उससे जुड़े लोगों के भविष्य पर चर्चा की। काबुल में इस मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के हवाले से मीडिया ने लिखा है कि तालिबान के खुफिया विभाग के सदस्यों सहित कुल 10 सदस्यीय शिष्टमंडल पिछले सप्ताह इस्लामाबाद आया था।

सूत्रों ने बताया कि जीडीआई अधिकारी मोहम्मद वर्दाक ने शिष्टमंडल की मदद की। शिष्टमंडल काबुल से यह संदेश देने आया था कि पाकिस्तान की चिंताओं को दूर किया जाएगा। हालांकि, इस यात्रा का क्या नतीजा रहा, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है, क्योंकि यात्रा को लेकर दोनों पक्ष मौन हैं। इस्लामाबाद में सूत्रों का कहना है कि मुद्दे की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए दोनों पक्षों ने मीडिया की नजरों से दूर इस पर चर्चा करने का फैसला लिया। काबुल में सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्षों ने विभिन्न मुद्दों पर कुछ प्रगति की है, लेकिन वह मीडिया को बयान देने का अधिकार नहीं रखते हैं। हम आपको बता दें कि टीटीपी पाकिस्तान और अफगान तालिबान के गले की फांस बन गया है।

## रूस-यूक्रेन ने क्रीमिया के शहर में हमले को लेकर अलग-अलग दावे किए

**कीव (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के अधिकारियों ने क्रीमिया के एक शहर में सोमवार को हमले के संबंध में अलग-अलग दावे किए हैं। यूक्रेन की सेना ने ट्रेन के जरिए ले जाईं जा रही रूसी क्रूज मिसाइल को नष्ट करने का दावा किया है। वहीं, रूस का दावा है कि यूक्रेन के ड्रोन ने जांकोई में असैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। यूक्रेन की सेना की प्रवक्ता ने संकेत दिया कि उत्तरी क्रीमिया के जांकोई में कैलिबर क्रूज मिसाइल को उसकी सेना ने नष्ट किया हालांकि सीधे तौर पर इसकी जिम्मेदारी नहीं ली।

यूक्रेन की दक्षिणी संचालन कमान के लिए प्रवक्ता नतालिया हुमेनिक ने हमले को रूस के लिए एक संदेश बताया कि उसे काला सागर प्रायद्वीप से चले जाना चाहिए जिसपर उसने 2014 में कब्जा कर लिया था। यूक्रेन की सेना की खुफिया एजेंसी ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक अस्पष्ट बयान में कहा है कि एक विस्फोट से कई क्रूज मिसाइलें नष्ट हो गईं। बयान में यूक्रेन को स्पष्ट रूप से इस हमले के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है।

सेना की खुफिया एजेंसी ने कहा कि मिसाइल को ट्रेन के जरिए ले जाया जा रहा था और इन्हें पनडुब्बी के जरिए प्रक्षेपित किया जाना था। हालांकि, रूस द्वारा नियुक्त क्रीमिया के गवर्नर सर्गेई अक्सेनोव ने घटना के बारे में अलग विवरण दिए हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के ड्रोन ने जांकोई में असैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

उन्होंने कहा कि हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया लेकिन कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर सोमवार को कई असत्यापित खबरों में दावा किया गया कि रूस की रक्षा प्रणाली ने क्रीमिया में कई ड्रोनों को गिरा दिया। इस संबंध में किसी भी खबर की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। रूस ने यूक्रेन के क्रीमिया प्रायद्वीप पर 2014 में कथित तौर पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था।



## कैलिफोर्निया में चक्रवाती तूफान: डूबी सड़कें, 2.5 लाख घरों में पसरा अंधेरा, 20 से अधिक लोगों की मौत

**सैकरामेंटो (एजेंसी)।** संयुक्त राज्य अमेरिका के पश्चिमी तटीय राज्य कैलिफोर्निया में एक बार फिर चक्रवाती तूफान ने तांडव मचाया है। उत्तरी कैलिफोर्निया में एक चक्रवाती तूफान आया, जिससे बिजली की लाइनें टूट गईं। इस कारण कम से कम 1 लाख 50 हजार लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हो गए। पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। तेज तूफानी हवाओं ने बिजली के पोल को भी अपने चपेट में लिया, जहां-तहां बिजली के पोल तेज हवाओं के कारण गिर गए।

मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार सैन फ्रांसिस्को इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली फ्लाइट पर भी इसका असर पड़ा। भयंकर तूफान के कारण उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। ब्लूमबर्ग ने बताया कि दक्षिणी शहर सैन मैटियो काउंटी में इस तूफान के कारण एक शख्स की जान चली गई। लॉस एंजिल्स में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के एक जलवायु वैज्ञानिक डैनियल स्वैन ने कहा कि यह एक हिंसक और अचानक आई आंधी थी। हम शायद ऐसे प्रभाव देख रहे हैं जो एक मजबूत उष्णकटिबंधीय तूफान या एक चक्रवाती तूफान के समान हैं। रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने तूफान के कारण आज तेज बारिश की चेतावनी दी है, साथ ही तूफान के कारण कैलिफोर्निया में हवाएं 80 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं। वहीं बिजली संकट ने लोगों को परेशानी में डाल दिया है। करीब ढाई लाख घरों और दफ्तरों में बिजली न होने के कारण अंधेरा छाया हुआ है। कैलिफोर्निया ने दिसंबर के अंत से तूफानों की एक श्रृंखला देखी है। दिसंबर के बाद बारिश के कारण बाढ़ और फिर यहां रिकॉर्ड बर्फबारी भी हुई। इसके कारण 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई और अरबों डॉलर का नुकसान हुआ है। सांता क्रूज काउंटी ने बिजली के तारों और कारों के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना दी है। सेंट्रल वैली की तुलारे काउंटी में व्यापक बाढ़ के डर के कारण अधिकारियों ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने का आदेश दिया है।

## चार बड़े देशों का भारत पर अटैक, मोदी सरकार ने ऐसे निकाल दी सभी की सारी हेकड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इन दिनों एक सेम पैटर्न विदेशों में देखने को मिल रहा है। अचानक से कुछ देशों में भारत पर हमले शुरू हो गए हैं। ये हमले इतने खतरनाक हैं कि इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को भी नहीं छोड़ा जा रहा है।

लेकिन सबसे दिलचस्प बात है कि ये देश भारत को मजबूत साथी बताने का दावा करते हैं। लेकिन पर्दे के पीछे इन्हीं देशों में भारत को तोड़ने का षड़यंत्र चल रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावास को निशाना बनाए जाने की खबर सामने आई। लेकिन भारत ने भी पूरी ताकत लगाकर इन देशों को इनकी हैसियत बताने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है।

**भारत विरोधी खालिस्तानी हवा विदेशों में होती तेज:** कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन में बैठे खालिस्तानियों का नेटवर्क एक्टिव होकर भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने में लगा हुआ है। इसे चारों देशों की सरकारों का मौन समर्थन भी कहा जाए तो गलत नहीं होगा। यूके के लंदन अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को और ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में भारतीय हाई कमीशन के दूतावासों पर खालिस्तानियों ने हमला बोल दिया। किसी देश का दूतावास और हाई कमीशन सबसे सुरक्षित जगह मानी जाती है। लेकिन इन देशों में खालिस्तानी आराम से भारतीय दूतावास में घुसे, तिरंगे का अपमान किया और तोड़फोड़ कर आराम से निकल गए।

**अमेरिका के सैन फ्रांसिसको में भारतीय दूतावास पर हमला:** खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारी ग्रुप ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास में आग लगाने की कोशिश की थी। जिसके बाद वरिष्ठ भारतीय राजनयिकों ने अपने अमेरिकी समकक्षों को सूचित किया कि उन्हें देश विरोधी तत्वों द्वारा आने वाले दिनों में इस तरह के और विरोध-प्रदर्शन किए जाने की आशंका है। सैन फ्रांसिस्को में रविवार को सुबह करीब चार बजकर 20 मिनट पर यह घटना हुई। दूतावास में लगे सीसीटीवी में इस कृत्य के कुछ हिस्से कैद भी हो गए। ऐसा माना जा रहा है कि दाढ़ी वाले दो पुरुषों जिन्होंने टोपी पहन रखी थी, ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय मिशन के प्रवेश द्वार पर ज्वलनशील पदार्थ डाला और इमारत को आग लगाने की कोशिश की। इन दोनोंकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

**ब्रिटेन में उच्चायोग से झंडा उतारने की कोशिश:** खालिस्तानी तत्वों ने लंदन में भारत के उच्चायोग से भारतीय झंडे को उतारने की कोशिश की लेकिन वहां मौजूद भारतीय सुरक्षाकर्मियों ने उनको झंडा उतारने से रोक दिया। भारतीय सुरक्षाकर्मियों राष्ट्रीय ध्वज का अपमान नहीं होने दिया और उससे पहले ही तिरंगा को हाथों में थाम लिया।

**कनाडा में पत्रकार पर हमला:** कनाडा में पत्रकार के साथ खालिस्तानियों द्वारा बदसलूकी का मामला सामने आया। कनाडा में भारतीय मूल के पत्रकार को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने घेर लिया और नारेबाजी शुरू कर दी। वहीं भारतीय दूत ने कनाडा में अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। नाडा के स्थानीय चैनल ने बताया कि सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। इस कार्यक्रम में उच्चायुक्त वर्मा शामिल होने वाले थे।

संपादकीय

# चैत्र नवरात्रि पर्व

भारतीय नवसंवत्सर 2080 . नवरात्रि पर्व व नव वर्ष आप सब के लिए खूब – खूब स्वास्थ्य, चहुँ और समृद्धि व शांति प्रदायी आदि हो ये मेरी सबके प्रति मंगलकामना हैं । नूतनवर्षाभिनंदनम् चैत्र शुक्लपक्ष एकम/प्रतिपदा, दिनांक –22–3–2023 ( वार – बुधवार , भारतीय नव संवत्सर,नवरात्रि प्रारंभ) 7 नव आगमन , शुभ आगमन 7 पुलकित है सबके मन, हर्षित है चमन। हिंदू नववर्ष , गुड़ी पाड़वा, उगादी एवम नवरात्री आपके जीवन में आनन्द, उत्सव, समृद्धि तथा आरोग्य की सौगात लाये । इस पावन चैत्र नवरात्रि पर्व पर व नववर्ष पर मेरे मन के भाव –

चैत्र के महिने में , फूली नवरात्रि पर्व की फुलवारी । ॥अन्तरा ॥
नवरात्रि पर्व की महिमा भारी ।
भुवाल माता की महिमा भारी ।
चैत्र के महिने में , फूली नवरात्रि पर्व की फुलवारी । ॥अन्तरा ॥
पावन निर्मलता भीतर में , तोले मन को मन से ।
ज्योति अदभुत प्रगटे निखरे , पर्व में किरणें तन से ।
रोम रोम में चमके आभा , दिव्य शक्ति संचारी ।।
चैत्र के महिने में , फूली नवरात्रि पर्व की फुलवारी । ॥अन्तरा ॥
नवरात्रि पर्व की महिमा सबने गाई ।
बड़े – छोटे सभी ने पर्व से विभुता पाई ।
कितने – कितने मानव ने पर्व से पाई खुशहाली ।।
चैत्र के महिने में , फूली नवरात्रि पर्व की फुलवारी । ॥अन्तरा ॥
वर्षों – वर्षों से नवरात्रि पर्व की गंगा बहती ।
माता की अदभुत , अजब गजब से महिमा बढ़ती रहती ।
माता की खुबसुरत छटा से कष्ट कटे करारे ।
चैत्र के महिने में , फूली नवरात्रि पर्व की फुलवारी । ॥अन्तरा ॥
नवरात्रि पर्व की महिमा भारी ।
भुवाल माता की महिमा भारी ।
चैत्र के महिने में , फूली नवरात्रि पर्व की फुलवारी । ॥अन्तरा ॥



प्रदीप छाजेड़
( बोरावड़ )

## आज का राशीफल

**मेष** – बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रुपए पैसे के लेन–देन में सावधानी रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**वृषभ** – पारिवारिक व व्यावसायिक समस्याएं रहेंगी। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**मिथुन** – सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यावसायिक योजना सफल होगी। रुपए पैसे के लेन–देन में सावधानी रखें। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। व्यर्थ के तनाव मिलेंगे।

**कर्क** – बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। जारी प्रयास सफल होंगे। वाणी की सौम्यता बनाये रखें। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**सिंह** – प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। पिता या उच्चाधिकारी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। भाई या पड़ोसी का सहयोग मिलेगा। ससुराल पक्ष से लाभ मिलेगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**कन्या** – जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि मिलेगी। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**तुला** – राजनैतिक महात्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यावसायिक योजना सफल होगी। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**वृश्चिक** – आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। प्रियजन भेंट संभव।

**धनु** – पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। रुपए पैसे के लेन–देन में सावधानी रखें। जारी प्रयास सफल होंगे। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी।

**मकर** – दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।


**कुम्भ** – व्यावसायिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। अनावश्यक कष्टों का सामना करना पड़ेगा। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। नेत्र विकार की संभावना है। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मीन** – पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। सृजनात्मक कार्यो में हिस्सा लेना पड़ सकता है। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक कार्यो में खर्च करना पड़ सकता है।

# मजबूत वैश्विक छवि के लिए एकजुटता की शर्त

गुरबचन जगत

भारत में जी–20 सम्मेलन के सिलसिले में पिछले कुछ महीनों से राजनयिक मोर्चे पर नाना प्रकार की गतिविधियां हुई हैं। दुनियाभर से विभूतियां पहुंची हैं। आयोजन को सफल बनाने में विदेश मंत्रालय विदेशों में काफी सक्रिय रहा है। आने वाले महीनों में भी, राजनयिक गतिविधियां तेज गति से जारी रहेंगी। किन्हीं मामलों में पश्चिमी देश भारत को लुभाते नज़र आते हैं तो कुछ में दरकिनार करते हुए। अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का चक्र निरंतर घूमता रहता है– न कोई स्थाई मित्र, न स्थाई शत्रु, केवल स्वहित चिरस्थाई। अपनी 140 करोड़ से ज्यादा की आबादी के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था, जो पिछले दो दशकों से ज्यादा से दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती आर्थिकियों में एक रही हो और जिसकी स्थिति इस उप–महाद्वीप में सामरिक रूप से भी काफी महत्वपूर्ण हो, उसको अपने पाले में लाने के यत्न समझे जा सकते हैं। हालांकि बताना चाहूंगा कि हमारे हित सुरक्षित रहें– घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय – इस हेतु एक सफल विदेश नीति बनाने के लिए कुछेक पूर्व अपेक्षित शर्तों का होना जरूरी है। सर्वप्रथम, एक सुरक्षित एवं स्थिर भारत होना अति आवश्यक है। अगर हम अपनी सीमाओं के अंदर मजबूत और सतत होंगे तभी तो विदेशों में अपनी छवि चमका पाएंगे। हमें पूरे देश को संपूर्णता से देखना चाहिए। हर तरह की विचारधारा और लोगों को साथ लेकर चलना होगा। नीतियां तय करने और उनके क्रमिक विकास में, आपसी मनमुटावों को अलहदा रखना होगा। यह प्रथा विगत में रही, जब सत्ता पक्ष विपक्षियों को भरोसे में लेकर सर्वसम्मति बनाता रहा। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह की सत्ता के दिनों में यह एक परिपाटी थी। मुझे यकीन है कि आगे भी यह रिवायत कायम रहेगी बल्कि इसे और मजबूत किया जाए। मौर्य और गुप्त साम्राज्य का भारतवर्ष बहुत विशाल था। वह युग 'स्वर्ण काल' के रूप में जाना जाता है। चंद्रगुप्त मौर्य ने एक बहुत सफल प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित की थी। खम्बों पर खुदे सम्राट अशोक के लोक–कल्याणक प्रवचन तो जगप्रसिद्ध हैं। कलिंग युद्ध के बाद वाला काल शांति और धार्मिक सहिष्णुता के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। इस दौरान घरेलू और विदेशी व्यापार एवं कृषि का विकास हुआ, ज्ञान–विज्ञान की उन्नति हुई। मैंने भारत के इन युगों का जिक्र इसलिए किया क्योंकि यह अंदरूनी रूप से शक्तिशाली भारत था, जिसके सामर्थ्य का डंका विदेशों में बजा। व्यापार ने बहुत ऊंचाई को छुआ और भारत की सभ्यता का प्रभाव देश–देशांतर तक फैला। सिल्क रूट और ग्रैंड–ट्रंक रोड से होते हुए, मसालों के साथ–साथ, भारत से बौद्ध और जैन धर्म बतौर एक विचार और धर्म विदेशों तक जा फैले। भारतीय मसालों की भांति हमारी सभ्यता और विचारधारा की खुशबू विदेशों में फैली। दक्षिण भारत की रियासतों ने नौवहनीय दक्षता हासिल की, जिसके उपयोग से अन्य देशों से व्यापारिक रिश्ते बने और उन्हें प्रभावित किया।



अब समय है कि हम विश्व को अपना एकजुट स्वरूप पेश करें। वह एकीकृत भारत जो मजबूत, स्थिर संस्थानों और बढ़िया प्रशासनिक ढांचे वाला हो। पर यह हो नहीं रहा, नतीजतन जो हमारी छवि है वह आपसी फूट, कटुता और धार्मिक एवं जातीय लीक पर ध्रुवीकरण वाली है। वह काम जो वास्तव में उन्हें करना चाहिए, उसकी बजाय हमारे संस्थान निढाल पड़े हैं और अपनी विधिक जिम्मेवारी निभाने के प्रति ढुलमुल। संसद और राज्यों की विधान सभाएं अब सार्थक बहस का मंच और अधिक न होकर अराजकता का मंज़र पेश करती हैं। उच्च न्यायपालिका का कार्यपालिका से टकराव लगता है। उधर 'हम भारत के लोग' यानि जनता अनेकानेक दबावों–खिंचावों की वजह से हैरान–परेशान है। अगर यह वही तस्वीर है जो हम पेश कर रहे हैं, तब कैसे एक भरोसेमंद विदेश नीति बन सकेगी? बात वापस विदेश नीति की करें, शुरुआत अपने एकदम पास–पड़ोस यानि पाकिस्तान, चीन, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार और भूटान से करें। पहले दो को छोड़कर, बाकी के पांच काफी छोटे देश हैं, जिनके साथ हम अपने संबंध व्यापार और अन्य नीतियों के जरिये मजबूत कर सकते थे। इन पांचों के साथ अब चीन ने पींगें बढ़ा ली हैं। यहां तक कि बांग्लादेश और भूटान को भी चीन बेतरह डोरे डाल रहा है। चीन ने श्रीलंका, म्यांमार और पाकिस्तान में बंदरगाह सुविधाएं पाकर हमारे एकदम पड़ोस में अपनी सैन्य पैठ बना ली है। 'वन बेल्ट, वन रोड' नीति तो बनाई ही इसलिए गई है ताकि चीन के प्रभाव का विस्तार घरेलू सीमाओं से परे विदेशों में भी हो सके। गौरतलब है कि यूरोप के छोटे–छोटे मुल्क, जो लंबे समय से यूक्रेन के पड़ोसी मित्र रहे हैं, आज वही उसके शरणार्थियों को अपने यहां प्रथम मानवीय सहायता मुहैया करवा रहे हैं। अब अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और मुख्य यूरोपियन शक्तियां, भारत को अपने पाले में लाने के लिए लुभाने में लगी हैं। लेकिन जाया किसके साथ जाये, लगता है हमें ज्यादा मालूम नहीं है। परंतु, आखिर कबतक हम 'एकला चलो' बने रहेंगे? धीरे–धीरे चूड़ियां कसी जा रही हैं और किसी खांचे में फिट होने का दबाव बढ़ता जा रहा है। क्वाड नामक गुट में हमारे लिए अबतक कुछ ठोस नहीं निकल पाया है, जबकि इसका 'ऑकस' (आस्ट्रेलिया–यूएस–यूके) घटक ऑस्ट्रेलिया में परमाणु पनडुब्बियां बनाने के लिए तकनीक साझा करने जा रहा है। अंतरिम तौर पर, अमेरिका और यूके ऑस्ट्रेलिया को तीन परमाणु पनडुब्बियां मुहैय्या करवाएंगे और आगे यह भी पता चला है कि टॉमहॉक मिसाइलें भी। क्वाड गुटबंदी के तहत जितना कुछ ऑस्ट्रेलिया को दिया जा रहा है, उसके बरक्स भारत को मूर्त रूप में बहुत कम मिल रहा है। दुनिया में ऊंचा रुतबा रखने वालों में यदि हम खुद को देखना चाहते हैं तो अपनी छवि एक ऐसे राष्ट्र की पेश करनी होगी जो सुरक्षित, मित्रों से सतत दोस्ती रखने वाला, प्रभावशाली और संस्थानों की सर्वश्रेष्ठता से युक्त है। अगर चीन हमारे पड़ोसियों को प्रभावित कर सका है, तो हम क्यों नहीं वियतनाम, कम्बोडिया, फिलीपींस और प्रशांत महासागर क्षेत्र के द्वीपीय मुल्कों पर ध्यान केंद्रित करते, बल्कि वे हमारा स्वागत करेंगे। यह कैसे संभव है कि चीन ने अनहोनी को होनी बनाते हुए दो पुराने कट्टर दुश्मन यानि ईरान और सऊदी अरब के बीच दोस्ती करवा दी और हमें भनक तक नहीं लगी? एक झटके से समूचे पश्चिम एशिया की तस्वीर बदल गई है। जिस वक्त मैं यह लेख लिख रहा था, ठीक उसी समय ईरान के विदेश मंत्री यूएई जा रहे थे। यह चीन द्वारा गुपचुप तरीके से किया गया गजब का कूटनीतिक कारनामा है। यह पहले भी हो चुका है, जब अमेरिकी फौज की वापसी के बाद वाले अफगानिस्तान पर समझौता प्रक्रिया में भारत को बाहर रखा गया था। प्रतिबंधों की वजह से हम ईरान के रूप में एक पुराना व्यापारिक साझेदार और चाबहार बंदरगाह रूपी महत्वपूर्ण सामरिक फायदा गंवा बैठे हैं। उपरोक्त वर्णित तथ्यों और हमारी सीमाओं पर चीन द्वारा लगातार दिखाये जाने वाले आक्रामक रुख के मद्देनज़र, दीगर मुल्कों से केवल 'समर्थन के जुमलों' से कुछ हासिल नहीं होने वाला। हमारे लिए दुनिया की शतरंजी बिसात पर, न केवल राजा–रानियों की सुध रखनी जरूरी है बल्कि अन्य मोहरे भी उतने ही अहम हैं। हम 140 करोड़ लोगों का देश है– अपना स्वरूप एक मजबूत और एकजुट देश की तरह प्रस्तुत करें। ठोस हकीकत वाली दुनिया में मजबूत की कद्र, मजबूत करता है वर्ना बाकी तो किसी गिनती में नहीं आते।

लेखक मणिपुर के राज्यपाल रहे हैं।

# सिक्किम का गहना है अनाथों की यह मां

कीपू शेरिंग लेप्चा, समाजसेवी

शांति के नोबेल पुरस्कार के लिए इस साल की दावेदारी को लेकर इन दिनों खूब महिमामंडन और खंडन हो रहा है, मगर इसकी सियासत और विवादों को छोड़ दें, तो इस सम्मान के लिए नामित होने वाले लोगों का योगदान सचमुच सराहनीय रहा है और इंसानियत हमेशा उनकी कर्जदार रहेगी। सिक्किम की सरजमीं पर जन्मी एक बेटी को 2005 में इस सम्मान के लिए नामांकित किया गया था। मगर देश–दुनिया की सुर्खियों से दूर यह साधिका सेवा में जुटी रही। आज उसी भारतीय बेटी कीपू शेरिंग लेप्चा का सफरनामा लेकर आया हूं। हिन्दुस्तान जब अपनी आजादी की निर्णायक जंग लड़ रहा था और 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा गांव–गांव में गूंज उठा था, उसी साल सिक्किम राजशाही के एक गांव में कीपू पैदा हुईं। सरकारी मुलाजमत वाले परिवार में जन्म लेने का बड़ा लाभ यह रहा कि उनका बचपन आर्थिक मुसीबतें झेलने से बच गया और पढ़ाई–लिखाई के लिए भी उन्हें किसी रोक–टोक का सामना नहीं करना पड़ा। पिता चूंकि सरकारी सेवक थे, तो लाजिमी तौर पर उनका तबादला दूरदराज के इलाकों में होता रहा। उनके मुंह से लेप्चा आदिवासियों की तकलीफदेह कहानियां सुनते हुए कीपू बड़ी हुईं। पिता की यह दिली तमन्ना थी कि बेटी शिक्षक बने और लेप्चा लोगों को जमाने के साथ–साथ आगे बढ़ने लायक बनाए। कीपू इसकी पात्रता हासिल कर सकें, इसके लिए उन्होंने गंगटोक में उनकी पढ़ाई की व्यवस्था की। गौर कीजिए, भारत जब आजाद हुआ था, तब हमारी महिला साक्षरता दर महज 12 फीसदी थी और उस वक्त भारतीय संप्रभुता को स्वीकारने को लेकर सिक्किम राजघराना कुछ दुराग्रही था। मगर सलाम उस दूरदर्शी पिता को, जिन्होंने उन अस्थिरता भरे दिनों में भी अपनी बेटी के लिए सुनहरे ख्वाब देखे। कीपू ने भी पिता को निराश नहीं किया। अच्छे अंकों के साथ वह स्कूल की सीढ़ियां चढ़ती गईं। 12वीं के बाद उन्हें कलकत्ता यूनिवर्सिटी का रुख करना पड़ा, जहां से मास्टर्स की डिग्री हासिल करने के बाद वह अपने शहर लौट आईं। कीपू चाहतीं, तो अपनी डिग्री की बदौलत कोलकाता या किसी अन्य महानगर में एक अच्छी नौकरी और आरामदेह जिंदगी का इंतिखाब कर सकती थीं, मगर उन्हें पिता का सपना साकार करना था, इसीलिए गंगटोक लौट आईं। साल 1967 की बात है। गंगटोक स्थित 'इंची उच्च माध्यमिक स्कूल' में कीपू को प्रिंसिपल नियुक्त किया गया। तब उनकी उम्र महज 25 साल थी। वहां काम करते हुए अभी कुछ ही अरसा गुजरा होगा कि पता चला, शहर के दूसरे हिस्से में नए सरकारी हाईस्कूल की शुरुआत की जा रही है। यह स्कूल मुख्यतः तिब्बती शरणार्थियों के बच्चों के लिए खोला गया था। कीपू का अगला पड़ाव यही सरकारी स्कूल था। यहां उन्होंने उन बच्चियों के साथ होस्टल में ही रहने का विकल्प चुना, जिनके माता–पिता ने तिब्बत से भागते हुए दम तोड़ दिया था।

हिमालय की इस बेटी का विशाल हृदय मासूम अनाथों पर ममता लुटाते हुए जैसे धन्य हो उठा। पिता से मिली सीख, अध्ययन से अर्जित ज्ञान और इन मासूमों से मिले अपनत्व ने कीपू को एक अनूठे संतोष से भर दिया था। मगर पढ़ने–पढ़ाने और स्कूल की अन्य जिम्मेदारियों का निबाह करते हुए उन्हें महसूस हुआ कि प्रशासनिक सेवा के जरिये इन अनाथों और लेप्चा समुदाय की कहीं अधिक प्रभावी मदद की जा सकती है। कीपू सिक्किम प्रशासनिक सेवा के लिए भी चुनी गईं। ग्रामीण विकास, शिक्षा, संस्कृति से लेकर समाज कल्याण तक कई विभागों में उन्हें काम करने का मौका मिला। साल 1988 की बात है। एक दिन कीपू गंगटोक के एमजी रोड पर शासकीय ड्यूटी निभा रही थीं कि अचानक उनकी निगाह कुछ ऐसे बच्चों पर पड़ी, जो फटे–आधे कपड़ों में भटक रहे थे। उन्होंने मातहत मुलाजिमों की मदद से उन्हें इकट्ठा किया, तो उनकी संख्या 20 हो गई। वे सब यतीम लेप्चा बच्चे थे, जिनका पुरसाहाल पूछने वाला कोई न था। कीपू उन सबको अपने घर ले आईं। अब वह इन सबकी मां थीं। इन अनाथ बच्चों की सेवा में ऐसा मन रमा कि उन्होंने शादी न करने का फैसला कर लिया। साल 1989 में उन्होंने अपनी कुल जमा–पूंजी से इन बच्चों के लिए गंगटोक से कुछ दूर लेप्चा कॉटेज की नींव रखी। आज इनमें 11 साल तक के लगभग 100 अनाथ बच्चे रहते हैं। कीपू खुद हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, नेपाली, लेप्चा और भूटिया भाषाएं जानती हैं। बतौर प्रशासनिक अधिकारी उन्होंने लेप्चा भाषा–संस्कृति को बचाने अनथक प्रयास किए। शिक्षा विभाग में सहायक निदेशक के रूप उन्होंने प्राथमिक कक्षाओं की किताबें लेप्चा भाषा में तैयार कराईं और शिक्षकों को प्रोत्साहित किया कि स्थानीय संस्कृति को बचाने के लिए वे इसे बच्चों को जरूर पढ़ाएं। कीपू सुदूर गांवों तक गईं, ताकि पता लगा सकें कि कहीं कोई आदिवासी बच्चा शिक्षा से वंचित तो नहीं रह रहा? जब उन्होंने देखा कि गरीब



आदिवासी माता–पिता अपने बच्चों को स्कूल भेजने में असमर्थ हैं, तो अपनी बहन के साथ मिलकर उन्होंने लेप्चा कॉटेज स्कूल की शुरुआत की, जिसमें करीब 400 बच्चे आज पढ़ते हैं। कीपू की इस प्रतिबद्धता ने सिक्किम ही नहीं, देश–दुनिया में एक रोल मॉडल के रूप में उनकी पहचान गढ़ी। उनके स्कूल से निकले लेप्चा बचे सिक्किम के लिए मिसाल बन रहे हैं। कीपू को नोबेल तो नहीं मिला, मगर उनके समाज ने 2005 में उन्हें 'सिक्किम भूषण' से अलंकृत किया। इसके चार साल बाद राष्ट्रपति भवन में जब तत्कालीन सदर प्रतिभा पाटिल से वह पद्मश्री सम्मान लेने बढ़ीं, तो समूचा हॉल तालियों से गूंज उठा। उम्र के 81वें पड़ाव पर सक्रिय कीपू जब कहती हैं कि कुछ लेने से ज्यादा सुकून हमेशा कुछ देने में मिलता है, तो मानवता सचमुच मुस्करा उठती है।

प्रस्तुति ~ चंद्रकांत सिंह

विचार मंथन

# भारत के लिए भारी पड़े मेहुल भाई

(लेखक – सनत जैन)

पंजाब नेशनल बैंक में 13000 करोड़ रूपए का घोटाला करने वाले हीरा कारोबारी मेहुलभाई चौकसी भारत से भागने के बाद भी देश को बहुत महंगे पड़ रहे हैं। सीबीआई ने फरार मेहुलभाई चौकसी को पकड़ने के लिए करोड़ों रुपए सरकार के खजाने से खर्च कर दिए। जांच में करोड़ों रुपए खर्च हो गये। सीबीआई के अधिकारियों ने देश और विदेश की कई यात्राएं कर ली। चौकसी की गिरफ्तारी के लिए इंटरपोल के माध्यम से रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराया गया। अदालतों में मुकदमे बाजी की गई सरकार ने वकीलों पर करोड़ों रुपए खर्च कर दिए उसके बाद भी मेहुल भाई जो शरीर से भी भारी–भरकम हैं। वह अपनी चतुराई के कारण ना केवल सीबीआई, हाईकोर्ट सुप्रीमकोर्ट और सरकार को धता बताते हुए, अब सारी दुनिया में घूमते हुए नजर आएंगे। वह भारत से भागने के बाद भी भारत सरकार पर भारी पड़ रहे हैं।

भारत सरकार और सीबीआई ने कई बार दावा किया था, कि वह जल्द ही मेहुल भाई का प्रत्यापण कराकर भारत लाएंगे। उनसे पंजाब नेशनल बैंक घोटाले की पाई पाई वसूल की जाएगी। सरकार और सीबीआई की यह सारे दावे हवा हवाई साबित हुए।

फ्रांस के लियोन शहर में इंटरपोल के मुख्यालय मैं मेहुल भाई चौकसी ने रेड कॉर्नर नोटिस वापस लेने के लिए याचिका दायर की थी। सीबीआई इंटरपोल के मुख्यालय में अपना पक्ष सबूतों के साथ सही तरीके से नहीं रख पाई या उसे रखने नहीं दिया गया। सीबीआई ने वहां पर भी जो हवा हवाई दावे किए, जिसके कारण इंटरपोल ने मेहुल भाई चौकसी के खिलाफ जो रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। वह पर्याप्त सबूतों के अभाव में वापस ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 माह पहले ही इन्टरपोल का रेड कार्नर नो टिस हो गया था। इसके बाद सीबीआई के अ धिकारी हरकत में आकर हाथ–पांव मार रहे हैं। सीबीआई अब दावा कर रही है कि रेड कार्नर नो टिस वा पिस होने के बाद भी चौकसी के प्रत्यार्पण कार्यवाही पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सीबीआई कह रही है कि एंटीगुआ में चौकसी के प्रत्यार्पण की सुनवाई अं तिम चरण में है। जल्द चौकसी को भारत लाने का दावा सीबीआई करने लगी है।

नोटिस वापस लेने के बाद अब मेहुल भाई चौकसी सारी दुनिया में घूम सकेंगे। बैंकों के साथ धोखाधड़ी करके जो पैसा कमाया है, उसको लेकर वह ऐश कर सकेंगे। मेहुल भाई चौकसी ने पंजाब नेशनल बैंक को चुना लगाया था, वहां तक तो ठीक था। उसने भारत सरकार के खजाने और सीबीआई की साख पर भी बट्टा लगा दिया है। भारत में इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। राहुल गांधी और विपक्षी पार्टियों ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए कहा,पहले लूटो और फिर बिना सजा पाये छूटो, यही मोदी सरकार का मॉडल है। विपक्ष ने ईडी ओर सीबीआई से विपक्ष की गिरफ्तारी और मित्र मेहुल भाई की रिहाई को विपक्ष ने मोडानी मॉडल का नाम दिया है। रेड कॉर्नर नोटिस वापिस होने और मेहुल भाई चौकसी के भारत वापस नहीं लाए जाने के कारण, भारत



सरकार और सीबीआई की साख को बड़ा बट्टा लगा है। सरकारी खजाने से जो करोड़ों रुपए मेहुलभाई को भारत लाने के लिए खर्च किए गए, वह भी पानी पर चले गए। अब लोग ऐसी जांच और कानूनी कार्यवाही पर भी सवाल उठा रहे हैं। अडानी की हिंडन बर्ग रिपोर्ट को लेकर पहले ही भारत सरकार कटघरे में खड़ी हुई है। अब इसमें मेहुलभाई चौकसी भी जुड़ गए हैं।



# कर्नाटक के इन हिल स्टेशन के बारे में हर ट्रेवलर को जरूर जानना चाहिए

**भारत** के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित खूबसूरत राज्य कर्नाटक अपने हाई-टेक हब, नाइटलाइफ़, भव्य महलों, पुराने मंदिरों और वन्यजीव अभयार.यों के लिए जाना जाता है। हालांकि, इस राज्य में हरे-भरे वातावरण और शांति प्रदान करते कई हिल स्टेशन भी हैं। जो लोग शहर की भीड़भाड़ से दूर प्रकृति के बीच कुछ शांत समय बिताना चाहते हैं, वह इन हिल स्टेशनों में जा सकते हैं। हरी-भरी पहाड़ियों, झरनों और सुविधाजनक स्थानों से लेकर ऐतिहासिक आकर्षणों और एड्रेनालाईन गतिविधियों तक, कर्नाटक के हिल स्टेशनों में बहुत कुछ है। तो चलिए आज हम आपको कर्नाटक के कुछ बेहतरीन हिल स्टेशनों के बारे में बता रहे हैं-

### चिकमगलूर, कर्नाटक

चिकमगलूर चाय और कॉफी के बागानों, दूधिया-सफेद झरनों और खूबसूरत पार्कों से भरपूर है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थान हेब्बे फॉल्स, कल्लाथिगिरी फॉल्स, हनुमना गुंडी फॉल्स, भद्रा वन्यजीव अभयारण्य, महात्मा गांधी पार्क, कॉफी संग्रहालय, हिरेकोले झील, कोडंदरामा मंदिर आदि हैं। अगर आप यहां पर हैं तो चाय और कॉफी के बागानों में टहलें, उच्चतम मुल्लायनगिरी चोटी पर जाएँ, क्यातनामक्की में सुंदर दृश्यों का आनंद लें, अमृतेश्वर और विद्याशंकर मंदिर में जाएं।

### नंदी हिल्स, कर्नाटक

4849 फीट की ऊंचाई पर स्थित नंदी हिल्स कर्नाटक के सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशनों में से एक है। हरे भरे परिवेश, ट्रेकिंग ट्रेल्स और आश्चर्यजनक दृश्यों के अलावा, इस जगह में कई स्मारकों और मंदिरों के साथ एक लोकप्रिय ऐतिहासिक किला भी है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थान टीपू की बूंद, टीपू का ग्रीष्मकालीन निवास, अमृता सरोवर, भोग नंदीश्वर मंदिर, ब्रह्माश्रम, नेहरू निलय, ग्रोवर ज़म्पा वाइनयार्ड आदि है।

### सिरसी, कर्नाटक

घने जंगलों के बीच बसा कर्नाटक का यह आकर्षक हिल स्टेशन, बैंगलोर से एक आदर्श वीकेंड गेटवे है। विविध वन्यजीवों से भरे घने उष्णकटिबंधीय जंगलों से लेकर सुरम्य झरनों और हरी-भरी पहाड़ियों तक, सिरसी की प्राकृतिक सुंदरता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। अगर आप यहां पर हैं तो मुरेगर फॉल्स, शिवगंगा फॉल्स, बुरुड फॉल्स, उंचल्ली फॉल्स, विभूति फॉल्स, मरिकंबा मंदिर, श्री महागणपति मंदिर, गुडवी पक्षी अभयार.य आदि जगहों को जरूर एक्सप्लोर करें।

### माले महादेश्वर या एमएम हिल्स, कर्नाटक

सात पहाड़ी श्रृंखलाओं, एमएम हिल्स समुद्र तल से 3200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और 'स्वयंभू' या स्वयं प्रकट रूप में भगवान शिव के साथ एक प्राचीन मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। धार्मिक स्थलों के अलावा, यह स्थान वनस्पतियों और जीवों में समृद्ध है, जो इसे वन्यजीव प्रेमियों और एड्रेनालाईन के दीवाने लोगों के बीच एक लोकप्रिय आकर्षण बनाता है। यहां पर आने वाले हर यात्री को श्री माले महादेश्वर मंदिर, थाला बेट्टा, नागमाले हिल्स आदि जगहों पर जरूर जाएं। साथ ही घने जंगलों में हाथियों और अन्य जानवरों को देखना ना भूलें।

### गंगामूला, कर्नाटक

हरे-भरे और घने जंगलों से घिरा गंगामूला उन लोगों के लिए एक आदर्श स्थान है जो प्रकृति की गोद में क्वालिटी टाइम बिताना चाहते हैं। हिल स्टेशन एक धुंधली जलवायु और आश्चर्यजनक परिदृश्य और आकर्षण का आनंद लेता है। यह स्थान तीन महत्वपूर्ण नदियों- तुंगा, भद्रा और नेत्रावती का उद्गम स्थल होने के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थानों में हनुमना गुंडी जलप्रपात, श्री अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर, सिरिमाने जलप्रपात, गोमतेश्वर प्रतिमा, चतुर्मुख बसदी, श्री वेंकटरमण मंदिर, अंबा तीर्थ आदि शामिल है। अगर आप यहां पर हैं तो कुरिंजल पीक और नरसिम्हा पर्वत के लिए ट्रेक, कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान की प्राकृतिक सुंदरता को देखें। भगवती प्रकृति शिविर में प्रकृति की सैर, जीप सफारी और ट्रेकिंग का आनंद लें।



# दुनिया के इन खूबसूरत बीचेस पर घूमने का है एक अलग ही आनंद

**जब** भी समर वेकेशन की बात होती है तो लोग अक्सर बीच पर जाना ही पसंद करते हैं। समुद्र तट के किनारे बैठकर कुछ पल फुरसत के बिताने का अपना एक अलग ही आनंद है। लेकिन यह लुत्फ तब और भी ज्यादा बढ़ जाता है, जब वह बीच भी बेहद साफ व खूबसूरत हो। दरअसल, बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण का असर विश्व में मौजूद बीचेस पर भी पड़ा है, जिसके कारण वह अब पहले जैसे साफ नहीं रह गए हैं। लेकिन फिर भी कुछ ऐसे बीचेस हैं, जो बेहद क्लीन है और इसलिए यहां पर घूमना यकीनन आपको भी काफी अच्छा लगेगा। तो चलिए जानते हैं इन बीचेस के बारे में-

### लानिकाई बीच, ओहू, हवाई

लानिकाई बीच बेहद ही खूबसूरत बीच हैं। इस समुद्र तट को खोजने में थोड़ी मुश्किल हो सकती है, लेकिन ओहू में टूरिस्ट टैफिक की हलचल से दूर, यह किसी स्वर्ग से कम नहीं है। लुभावना नीला पानी आपको मोहित कर लेगा। सह समुद्र तट मुख्य रूप से अपने पानी के लिए जाना जाता है, और यह आपकी कश्ती, पैडलबोर्ड और तैराकी की जरूरतों को पूरा करने के लिए एकदम सही है।

### माया बे, थाईलैंड

थाईलैंड में स्थित शानदार माया बे बीच लगभग 200 मीटर लंबा मुख्य समुद्र तट है और यह अपने पानी के नीचे रंगीन मूंगा, चमकदार साफ पानी और विदेशी मछली के लिए जाना जाता है। इसकी खूबसूरती का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि डैनी बॉयल ने लियोनार्डो डिकैप्रियो अभिनीत मूवी द बीच (2000) की शूटिंग के लिए इस खूबसूरत समुद्र तट को चुना।

### व्हाइटहेवन बीच, क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया

ग्रेट बैरियर रीफ के केंद्र में स्थित, और व्हाट्सुनडे आइलैंड्स नेशनल पार्क के संरक्षित लिफाफे में मौजूद व्हाइटहेवन बीच ऑस्ट्रेलिया में अब तक का सबसे प्रसिद्ध समुद्र तट है। बड़े पैमाने पर यह बीच 4.4 मील (7 किमी) तक फैला है। यह समुद्र तट कुछ शुद्ध सफेद सिलिका रेत, और फ़िरोज़ा, नीले और हरे रंग के साफ पानी के मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य प्रस्तुत करता है।

### लांग बीच, वैंकूवर द्वीप, कनाडा

कनाडा के वैंकूवर द्वीप पर सबसे लंबा रेतीला समुद्र तट, जिसे उपयुक्त रूप से लॉन्ग बीच कहा जाता है, कुछ सबसे शांत दृश्य और अद्भुत समुद्री जंगल प्रदान करता है। प्रशांत रिम नेशनल पार्क रिजर्व के भीतर स्थित यह समुद्र तट 10 मील (16 किमी) तक फैला हुआ है। इसकी खूबसूरत रेत और रेनफोरेस्ट के व्यू इस स्थान को और भी बेहतरीन व खूबसूरत बनाता है।



# एलोरा गुफाओं की बात है निराली, जानिए इनके बारे में

**एलोरा गुफाएं**, उत्तर-पश्चिम-मध्य महाराष्ट्र राज्य में 34 शानदार रॉक-कट मंदिरों की एक श्रृंखला है। वे औरंगाबाद के उत्तर-पश्चिम में 19 मील और अजंता की गुफाओं से 50 मील दक्षिण-पश्चिम में एलोरा गांव के पास स्थित हैं। करीबन 2 किमी की दूरी में फैले इन मंदिरों को बेसाल्टिक चट्टानों से काटा गया था और इनमें विस्तृत अग्रभाग और आंतरिक दीवारें हैं। एलोरा परिसर को 1983 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया था। ये लुभावनी गुफाएं अपनी मूर्तियों और वास्तुकला के लिए निश्चित रूप से देखने लायक हैं। तो चलिए आज हम आपको एलोरा गुफाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बता रहे हैं-




### धार्मिक विविधता का है प्रतीक

एलोरा की गुफाएं न केवल तीन महान धर्मों (बौद्ध, ब्राह्मणवाद और जैन धर्म) की गवाही देती हैं, बल्कि वे सहिष्णुता की भावना, प्राचीन भारत की विशेषता को भी दर्शाती हैं, जिसने इन तीनों धर्मों को अपने अभयारण्यों और अपने समुदायों को एक ही स्थान पर स्थापित करने की अनुमति दी। 12 बौद्ध गुफाएं (दक्षिण में) लगभग 200 ईसा पूर्व से 600 सीई तक, 17 हिंदू मंदिर (केंद्र में) लगभग 500 से 900 सीई तक और 5 जैन मंदिर (उत्तर में) लगभग 800 से 1000 सीई तक बनाई गई हैं। एलोरा ने मठों (विहारों) और मंदिरों (चैत्य) के एक समूह के रूप में कार्य किया।

### कैलासा गुफा है बेहद प्रसिद्ध

गुफा मंदिरों में सबसे उल्लेखनीय कैलासा (कैलासनाथ गुफा 16) है, जिसका नाम हिमालय के कैलास रेंज में पर्वत के लिए रखा गया है जहां हिंदू भगवान शिव निवास करते हैं। साइट पर अन्य मंदिरों के विपरीत, जो पहले चट्टान के चेहरे में क्षैतिज रूप से खोदे गए थे, कैलासा परिसर को बेसाल्टिक ढलान से नीचे की ओर खोदा गया था और इसलिए यह काफी हद तक सूर्य के प्रकाश के संपर्क में है। 8 वीं शताब्दी में मंदिर का निर्माण, कृष्ण प्रथम के शासनकाल में शुरू हुआ। इसमें सीढ़ियों, दरवाजों, खिड़कियों और कई निश्चित मूर्तियों के साथ विस्तृत नक्काशीदार मोनोलिथ और हॉल हैं। इसकी बेहतर सजावट में से एक विष्णु का एक दृश्य है जो एक नरसिंह में बदल गए। प्रवेश द्वार के ठीक बाहर, मुख्य प्रांगण में, शिव के बैल नंदी का एक स्मारक है। हॉल के भीतर चित्रण में 10 सिरों वाले राक्षस राजा रावण ने ताकत के प्रदर्शन में कैलास पर्वत को हिलाने का दृश्य भी मौजूद है।

### जैन गुफाएं

जैन मंदिरों में उल्लेखनीय गुफा 32 है, जिसमें कमल के फूलों और अन्य विस्तृत आभूषणों की बारीक नक्काशी शामिल है। हर साल ये गुफाएं धार्मिक तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की बड़ी भीड़ को आकर्षित करती हैं। शास्त्रीय नृत्य और संगीत का वार्षिक एलोरा महोत्सव मार्च के तीसरे सप्ताह में वहाँ आयोजित किया जाता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

शेयर बाजार बुधवार को हल्की तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 139.91 अंक करीब 0.24 फीसदी बढ़कर 58,214.59 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 44.40 अंक तकरीबन 0.26 फीसदी आकर अंत में 17,151.90 अंक पर बंद हुआ। वहीं गत पिछले कारोबारी सत्र में भी बाजार बढ़त के साथ ही बंद हुआ था। आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। कारोबार के दौरान बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक और टाटा मोटर्स सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले शीर्ष 5 शेयरों में रहे। इसके शेयर करीब 2.18 फीसदी तक ऊपर आये हैं। वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में से 11 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। वहीं एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एचडीएफसी बैंक सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले पांच शेयर रहे। एनटीपीसी के शेयर सबसे अधिक नुकसान के साथ ही करीब 1.50 फीसदी तक गिरे। इससे पहले आज सुबह वै श्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से बाजार की शुरुआत




बढ़त के साथ हुई। निफ्टी 22 मार्च को 17150 के आसपास कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स 283.64 अंक गिरकर 58,358.32 के स्तर पर नजर आ रहा था। वहीं निफ्टी 83.50 अंक की बढ़त के साथ 17,191.00 के स्तर पर नजर आ रहा था। एशियाई बाजारों में भी मजबूती देखने को मिल रही है।

## अब सीईओ एंजेलो जॉर्ज संभालेंगे बिसलेरी की कमान!

**मुंबई ।**

देश की सबसे बड़ी बोतलबंद पानी कंपनी बिसलेरी को लेकर एक नई खबर सामने आई है। पहले खबर आई कि कंपनी के मालिक रमेश चौहान उत्तराधिकारी के अभाव में कंपनी को बेचना चाहते है। पहले खबर थी की रमेश चौहान की 42 साल की बेटी जयंती चौहान कंपनी की कमान संभालेंगी। लेकिन अब एक और नया ट्विस्ट आ गया है। एक खबर के मुताबिक बिसलेरी की कमान संभालने से जयंती ने फिर से इंकार कर दिया है। बाप-बेटी के बीच बात नहीं बन पाई है। रिपोर्ट के मुताबिक बिसलेरी की कमान अब जयंती चौहान के बजाए सीईओ एंजेलो जॉर्ज को सौंपी गई है। खबर के मुताबिक रमेश चौहान और जयंती के बीच मतभेद की बातें सामने आ रही है। जयंती बिसलेरी के कारोबार को संभालना नहीं चाहती है, जिसके चलते अचानक से रमेश चौहान ने कंपनी की जिम्मेदारी सीईओ एंजेलो जॉर्ज को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि ये फैसला रमेश चौहान ने अचानक से लिया है। खबर के मुताबिक जयंती चौहान ने बिसलेरी की कमान संभालने से मना कर दिया है।



## सोने-चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी है। ये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन दोनो की कीमतों में गिरावट से आई है। इसी के साथ ही दस ग्राम सोना नीचे आर 58,770 रुपये का हो गया है जबकि एक किलो चांदी की कीमतें भी घटीं हैं और अब यह 68,133 रुपये में मिल रही है। दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 480 रुपये नीचे आकर 58,770 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं गत कारोबारी सत्र में सोना 59,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी प्रकार चांदी भी 345 रुपये की गिरावट के साथ ही 68,850 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुई। बाजार जानकारों के अनुसार दिल्ली में सोने की हाजिर कीमत 480 रुपये की कमी के साथ 58,770 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गयी है। ''वहीं विदेशी बाजार में सोना और चांदी दोनों ही नीचे आकर 1,939 डॉलर प्रति औंस और 22.34 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गये हैं। इससे पहले गत दिवस सोने ओर चांदी में भारी तेजी थी।

## इन हाउस डिजिटल मार्केट डाटा यूनिट बनाएगी सीसीआई

**नई दिल्ली ।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) एक इन-हाउस डिजिटल मार्केट डेटा यूनिट स्थापित करने की प्रक्रिया में है, जो प्रतिस्पर्धा नियामक के लिए फोर्स मल्टीप्लीयर के रूप में काम कर सकता है, जबकि डिजिटल बाजारों को विनियमित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी रखने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। सीसीआई के अे धिकारी ने कहा कि निर्माण क्षमता बाजारों में प्रभावी हस्तक्षेप के लिए जरूरी है। इसलिए नियामकों को जटिल प्रौद्योगिकी बाजारों में बाजार की खामियों से निपटने के लिए पहले से ही आवश्यक कौशल और क्षमताओं से लैस होना चाहिए। इसी कारण सीसीआई पहले से ही डिजिटल मार्केट की स्थापना और संचालन की प्रक्रिया में है। उन्होंने प्रतिस्पर्धा और बिग टेक पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि डिजिटल स्पेस मेंः और विशेष रूप से प्लेटफॉर्म बाजारों में पारंपरिक बाजार प्रतिस्पर्धा नियमों के परिप्रेक्ष्य से बाजार में टिपिंग अकल्पनीय गति से हो सकती है। गूगल, एप्पल, मेटा और अमेजान जैसी बड़ी तकनीकी कंपनियां कथित रूप से उपयोगकर्ता डेटा का उपयोग करके अपने बाजार की स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए वैश्विक जांच के दायरे में हैं। इस साल की शुरुआत में सीसीआई ने दो अलग-अलग मामलों में गूगल पर 936.44 रुपए और 1,337.76 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने डिजिटल प्रतियोगिता विधेयक का मसौदा तैयार करने के लिए एक समिति का गठन किया है। पैनल यह भी अध्ययन कर रहा है कि क्या प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 में मौजूदा प्रावधान और संबंधित नियम डिजिटल अर्थव्यवस्था में चुनौतियों से निपटने के लिए पर्याप्त थे।

## एनटीपीसी का हरित हाइड्रोजन संयंत्र लगाने भारतीय सेना के साथ करार

**मुंबई ।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक एनटीपीसी लिमिटेड की इकाई एनटीपीसी रिन्यूअबल एनर्जी लिमिटेड (एनटीपीसी आरईएल) ने भारतीय सेना के साथ एक समझौता किया है जिसके तहत वह सशस्त्र बलों के प्रतिष्ठानों में हरित हाइड्रोजन परियोजनाएं लगाएगी। एनटीपीसी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सेना के साथ हुए समझौते के तहत बिजली आपूर्ति के लिए चरणबद्ध ढंग से हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी। ये परियोजनाएं लगाने के लिए स्थलों की पहचान भी मिलकर की जाएगी।बयान के मुताबिक, ''एनटीपीसी आरईएल ने सैन्य प्रतिष्ठानों में निर्माण, स्वामित्व एवं परिचालन (बीओओ) के आधार पर हरित हाइड्रोजन परियोजनाएं लगाने के लिए भारतीय सेना के साथ एक समझौता किया है। इसका उद्देश्य जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता एवं जटिल लॉजिस्टिक को कम करना तथा कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में तेजी से बढ़ना है।'' एनटीपीसी के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी एनटीपीसी आरईएल के पास फिलहाल 3.6 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का पोर्टफोलियो है।

## 31 मार्च तक बैंकों में नहीं रहेगी छुट्टी, रविवार को भी खुलेगा

**नई दिल्ली ।** वित्त वर्ष 2022 2023 कुछ ही दिनों में समाप्त हो जाएगा। 1 अप्रैल के साथ ही वित्तीय वर्ष की शुरुआत हो जाएगी। बता दें इस दौरान हम साल भर में हुए सभी खर्च का ब्यौरा या हिसाब करते है। मार्च महीने में ही सारे अकाउंट का हिसाब किताब होता है। फिर इसे बंद कर दिया जाता है। ऐसे में आरबीआई ने सभी बैंकों को रविवार को खुले रहने का निर्देश दिया है। दरअसल, 31 मार्च मौजूदा वित्त वर्ष का आखिरी दिन होता है। इस दिन बैंकों में क्लोजिंग का काम होता है। यही वजह है कि आरबीआई ने सभी बैंकों को सरकारी लेन देन के लिए शाखाएं खोलने के आदेश जारी किए हैं। हालांकि, ग्राहकों के लिए इस दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा लेकिन बैंक ब्रांच में चेक जमा हो सकेंगे। साथ ही इस दिन ऑनलाइन बैंकिंग को भी खोला रखा जाएगा। 31 मार्च के बाद लगातार दो दिन 1 और 2 अप्रैल को बैंकों में कामकाज नहीं होगा। केंद्रीय बैंक के पत्र में कहा गया है कि सभी एजेंसी बैंकों को 31 मार्च, 2023 को सामान्य कामकाजी घंटों तक सरकारी लेनदेन से संबंधित काउंटर लेनदेन के लिए अपनी नामित शाखाओं को खुला रखना चाहिए। नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) सिस्टम के माध्यम से लेनदेन 31 मार्च, 2023 की रात 12 बजे तक जारी रहेगा। साथ ही 31 मार्च को सरकारी चेकों के संग्रह के लिए विशेष समाशोधन आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए आरबीआई का भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग आवश्यक निर्देश जारी करेगा।

# कारोबारी गौतम अडानी की नेटवर्थ में 60 फीसदी गिरावट

### पिछले पांच साल में भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़ी

**मुंबई ।**

अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में पीक लेवल से 60 फीसदी गिरावट आ चुकी है। पिछले एक साल में उन्हें हर हफ्ते करीब 3,000 करोड़ रुपये का फटका लगा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट 2023 के मुताबिक अडानी की नेटवर्थ अब 53 अरब डॉलर रह गई है। 24 जनवरी को आई हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के कारण अडानी ग्रुप मुश्किल में है। ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई है। इससे अडानी की नेटवर्थ में भारी गिरावट आई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर से खिसककर 23वें नंबर पर पहुंच गए हैं। हुरून इंडिया के मुताबिक अडानी की नेटवर्थ में 28 अरब डॉलर की गिरावट आई है और उनके हाथ से भारत के सबसे अमीर शख्स का तमगा छिन गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 82 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ भारत के सबसे बड़े रईस हैं। हुरून इंडिया ने कहा कि गौतम अडानी और उनके परिवार की नेटवर्थ में 35 फीसदी गिरावट आई है। जनवरी में हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद अडानी परिवार की नेटवर्थ अपने पीक लेवल से 60 फीसदी कम हुई है। अडानी के साथ-साथ अंबानी की नेटवर्थ में भी भारी गिरावट आई है। इस दौरान अडानी ने 28 अरब डॉलर गंवाए हैं और उनकी नेटवर्थ अब 53 अरब डॉलर रह गई है। पिछले एक साल में अडानी की नेटवर्थ में 35 फीसदी गिरावट आई है, जबकि अंबानी की नेटवर्थ 20 फीसदी कम हुई है। अंबानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में नौवें नंबर पर हैं। डीमार्ट के नाम से रिटेल चेन चलाने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी और उनके परिवार की नेटवर्थ में इस दौरान 30 फीसदी गिरावट आई है। उनकी नेटवर्थ अब 16 अरब डॉलर रह गई है और वह दुनिया के टॉप 100 अमीरों की लिस्ट से बाहर हो गए हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के सीईओ उदय कोटक की नेटवर्थ इस दौरान 13 फीसदी गिरावट के साथ 14 अरब डॉलर रह गई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में



135वें स्थान पर हैं। वैक्सीन किंग के नाम से मशहूर सीरम इंस्टीट्यूट के साइरस पूनावाल की वेल्थ पिछले एक साल में चार फीसदी बढ़कर 27 अरब डॉलर पहुंच गई है। हुरून की ग्लोबल लिस्ट में 187 भारतीय बिलिनेयर हैं। यानी इन लोगों के पास 8000 करोड़ रुपये से अधिक नेटवर्थ है। भारत से ज्यादा बिलिनेयर केवल अमेरिका और चीन में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच साल से दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में भारत का योगदान लगातार बढ़ रहा है। अभी इसमें भारत का योगदान आठ प्रतिशत पहुंच गया है जो पांच साल पहले 4.9 फीसदी थी।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में नहीं आएगी सुस्ती, रफ्तार बरकरार रहेगी!

**मुंबई ।**

वैश्विक अर्थव्यवस्था की तरह भारतीय अर्थव्यवस्था में सुस्ती नहीं आएगी और वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल वृद्धि की रफ्तार आगे भी कायम रहेगी। रिजर्व बैंक के एक लेख में यह संभावना जताई गई है। रिजर्व बैंक के बुलेटिन के मार्च संस्करण में प्रकाशित एक लेख में अर्थव्यवस्था की स्थिति का आकलन पेश करते हुए कहा गया है कि तमाम समस्याओं के बावजूद रिजर्व बैंक भारत को लेकर आशावादी बना हुआ है। आरबीआई बुलेटिन के मुताबिक फरवरी के ओ खिरी में जारी आर्थिक वृद्धि संबंधी आंकड़े दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में भारत को बेहतर स्थिति में दर्शाते हैं। इसके लिए घरेलू अर्थव्यवस्था के जुझारूपन के साथ ही घरेलू कारकों पर निर्भरता भी एक अहम घटक रही है। इसमें लिखा गया है कि वर्ष 2023 में वैश्विक वृद्धि पर मंदी की मार पड़ने की आशंका होने के बावजूद भारत शुरुआती धारणा के उलट महामारी के बाद कहीं अधिक मजबूत बनकर उभरा है और चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में इसकी वृद्धि में तेजी बनी हुई है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अगुवाई वाले एक दल ने यह लेख लिखा है। लेखक दल का मानना है कि भारत का वास्तविक यानी स्थिर मूल्य पर सकल



घरेलू उत्पाद अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 170.9 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच सकता है जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में इसके 159.7 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

## इस साल छह प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल की मांग घटेगी: रिपोर्ट

**मुंबई ।**

पिछले साल बेहतर मांग से शीर्ष छह शहरों में कुल कार्यालय स्थल की मांग बढ़कर 5.03 करोड़ वर्ग फुट रही। वित्तीय वर्ष 2021 में कुल 3.29 करोड़ वर्ग फुट कार्यालय स्थल पट्टे पर दिया गया था। देश के छह प्रमुख शहरों में कमजोर मांग के चलते वित्तीय वर्ष 2023 में पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग 25-30 प्रतिशत घटकर 3.5-3.8 करोड़ वर्ग फुट रहने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल बेहतर मांग से शीर्ष छह शहरों में कुल कार्यालय स्थल की मांग बढ़कर 5.03 करोड़ वर्ग फुट रही। वित्तीय वर्ष 2021 में कुल 3.29 करोड़ वर्ग फुट कार्यालय स्थल पट्टे पर दिया गया था। इन छह शहरों में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और पुणे शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सकारात्मक परिदृश्य में देश में इस साल लगभग कुल 3.5-3.8 करोड़ वर्ग फुट कार्यालय स्थल पट्टे पर दिए जाने की संभावना है। दूसरी ओर कोलियर्स-फिक्की की रिपोर्ट के मुताबिक, निराशाजनक परिदृश्य में विपरीत आर्थिक परिस्थितियों का प्रभाव लंबे समय तक बना रह सकता है, जिससे सुधार में देरी होगी। कोलियर्स इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2022 में पारंपरिक और लचीले स्थानों में वृद्धि मजबूत रही है क्योंकि लोग अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के बारे में अधिक उत्साहित थे।

# बेमौसम बरसात से सब्जियां हो सकती है महंगी

### - खीरा, ककड़ी, तोरी, लौकी आदि सब्जी के खराब होने का खतरा

**नई दिल्ली ।**

बेमौसम बारिश की वजह से गेहूं, चना, सरसों के साथ मौसमी सब्जियां महंगी हो सकती है। अगर उत्पादन कम हुआ तो इसका सीधा असर दामों पर पड़ेगा। इस बात को लेकर सरकार अलर्ट मोड में आ गई है। अगर खाद्य चीजों के दाम बढ़े तो इसका असर आम आदमी की जेब पर तो पड़ेगा, साथी रिटेल महंगाई में भी बढ़ोतरी हो सकती है। सूत्रों के अनुसार खाद्य और कृषि मंत्रालय दोनों इस काम पर लग गए हैं कि बेमौसमी बारिश से किस-किस फसल को कितना नुकसान हो सकता है, पहले इसका ब्यौरा इकट्ठा कर लिया जाए। फिर इस बारे में उपायों पर विचार किया जाएगा। सरकार को ज्यादा चिंता गेहूं और चने की है। गेहूं के दाम पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने हाल ही में 30 लाख टन गेहूं को खुले बाजार में बेचा, तब जाकर गेहूं के दाम में स्थिरता आई है। साथ ही आटा भी थोड़ा सस्ता हुआ है। अगर फिर गेहूं के दाम बढ़े तो आटे की कीमत बढ़ जाएगी, जिसका सीधा असर आम आदमी की थाली पर पड़ेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि अभी इस मामले में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। सरकार की पूरी कोशिश होगी कि खाद्य चीजों के दामों में बढ़ोतरी न हो। बेमौसमी से जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कैसे की जाए, इस बारे में जल्द फैसला लिया जाएगा। वैसा सरकार का अनुमान है कि फसल वर्ष 2022-23 जुलाई-जून में गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 11.22 करोड़ टन रह सकता है। किसानों का कहना है कि बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं और सरसों की फसल को ज्यादा नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल गिर गई है। गेहूं में अभी दाना कच्चा है, वह काला पड़ जाएगा। गिरे रहने से फसल की उत्पादन



क्षमता कम हो जाएगी और भूसा भी खराब हो जाएगा। पानी भरा रहने से गेहूं गल भी सकता है। खेत की जमीन गीली होने से पौधा हवा में गिर गया। उसके दाने झड़ गए। इससे भी काफी नुकसान हुआ है। किसानों ने कहा कि सब्जियों पर इस बारिश का प्रतिकूल असर पड़ता दिख रहा है। खेत में पानी के कारण या ज्यादा वक्त गीला रहने के कारण खीरा, ककड़ी, तोरी, लौकी आदि सब्जी के खराब होने का खतरा है।

# मारुति के पास सेवन सीटर सेगमेंट में दो मॉडल्स मौजूद

### -इनमें एक्सएल6 और अर्टिगा शामिल

**नई दिल्ली ।**

मारुति सुजुकी कंपनी के पास सेवन सीटर सेगमेंट में दो मॉडल्स मौजूद हैं इनमें एक्सएल6 और अर्टिगा शामिल हैं। दोनों ही मॉडल्स ग्राहकों के बीच काफी पसंद किए जाते हैं। मारुति अर्टिगा अक्सर इंडिया की बेस्ट सेलिंग सेवन सीटर कार रह चुकी है। जबकि इसकी एक्सएल6 को भी ग्राहक काफी पसंद करते हैं। हालांकि अगर फरवरी महीने की बात करेंगे तो इस बार मारुति एक्सएल6 को एक सस्ती सेवन सीटर कार ने जबरदस्त टक्कर दी और सेल के मामले में पछाड़ दिया है। खास बात है कि जहां मारुति एक्सएल6 की कीमत 11.48 लाख रुपए से शुरू होती है और रेनॉ की इस सस्ती 7 सीटर कार की कीमत मात्र 6.33 लाख रुपए है। यानी दोनों कारों की कीमत में करीब 5 लाख रुपये का अंतर है जो कि काफी बड़ा अंतर है। फरवरी महीने में जहां मारुति सुजुकी एक्सएल 6 की 2,108 यूनिट्स सेल हुई हैं, वही रेनॉ ट्राइबर एमपीवी की 3,056 यूनिट्स फरवरी में बिकीं। इसके अलावा मारुति एक्सएल6 की बिक्री में 36 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, वहीं रेनो ट्राइबर की सेल में 27 फीसदी ग्रोथ देखने को मिली। बात करें इसके इंजन और पावर की तो रेनॉ ट्राइबर एमपीवी में 1.0-लीटर पेट्रोल इंजन दिया गया है जो 72पीएस की पावर और 96 एनएम का टार्क जेनरेट करता है। ट्रांसमिशन विकल्पों में 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी शामिल हैं और मैनुअल और ऑटोमैटिक के लिए दावा की गई माइलेज 19केएमपीएल और 18.29केएमपीएल है। फीचर्स लिस्ट में स्टीयरिंग माउंटेड ऑडियो कंट्रोल, हाइट-एडजस्टेबल ड्राइवर सीट, डुअल हॉर्न और इसके ओआरवीएमएस पर टर्न इंडिकेटर्स शामिल हैं और इसमें एप्पल कारप्ले और एंड्राएड ऑटो के साथ 8-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 3.5-इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, पुश-बटन स्टार्ट के साथ कीलेस एंट्री, मैनुअल एयर कंडीशनिंग और रियर एयरकॉन वेंट्स जैसे बढ़िया फीचर्स मिलते हैं।

# अमेरिका में और 186 बैंकों पर डूबने का खतरा

### ब्याज दरों में बढ़ोतरी और गैर बीमित जमाओं के बढ़ने से बढ़ा जोखिम

**नई दिल्ली ।** दुनिया की सबसे बड़ी और मजबूत इकॉनमी में दरारें दिखनी शुरू हो गई हैं। मार्च में ही अमेरिका के 4 बड़े बैंक डूब चुके हैं और खतरा बढ़ता ही जा रहा। हालिया रिपोर्ट के मुताबिक सिलिकन वैली बैंक की तरह 186 और बैंकों पर डूबने का खतरा मंडरा रहा है। अगर सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाया और लोगों ने अपने पैसे निकालने शुरू कर दिए तो इन बैंकों पर भी डूबने का जोखिम बढ़ जाएगा। एक रिपोर्ट में कहा है कि अमेरिका के 186 और बैंकों पर सिलिकन वैली की तरह का ही जोखिम बना हुआ है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी और गैर बीमित जमाओं के बढ़ने से इस तरह का जोखिम पैदा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन बैंकों के निवेश पर रिटर्न पहले ही कम हो रहा है। ऐसे में सारा दारोमदार जमाकर्ताओं पर आ गया है। रिपोर्ट कहती है कि गैरबीमित जमाकर्ताओं में संशय लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अगर आधे भी जमाकर्ताओं ने अपने पैसे निकाल लिए तो 190 बैंकों पर खतरा बढ़ जाएगा। इतना ही नहीं गैरबीमित जमाकर्ताओं की करीब 300 अरब डॉलर यानी 24 लाख करोड़ रुपए की रकम पर जोखिम बना हुआ है। इसका आधा पैसा भी विड्रॉल किया गया तो ज्यादातर बैंक डूब जाएंगे। सिलिकन वैली बैंक के साथ भी यही हुआ था। उसके निवेश पर रिटर्न घटा और घबराहट में जमाकर्ताओं ने अपने पैसे निकाल लिए, जिससे पूरा बैंक ही ढह गया। बैंकों के लिए सबसे बड़ी चिंता अभी बढ़ती ब्याज दर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व महंगाई को थामने के लिए ताबड़तोड़ ब्याज दरें बढ़ा रहा है। इससे सरकारी सिक्योरिटीज और बॉन्ड में लगे बैंकों के पैसों पर रिटर्न कम हो गया है। इसका असर बैंकों की देनदारियों पर पड़ रहा और डिफॉल्ट हो रहे। ऐसे में ग्राहकों पर भी अपने पैसे निकालने का दबाव बढ़ रहा है1 ऐसी ही परिस्थिति में फंसकर एसवीबी ने अपने एसेट करीब 16 हजार करोड़ रुपए के नुकसान पर बेच डाले। इसका पता चलते ही ग्राहकों में भगदड़ मच गई और उन्होंने अपने पैसे निकालने शुरू कर दिए। सिलिकन वैली बैंक डूबने का यही सबसे बड़ा कारण रहा है।

# क्रूड की कीमतों में तेजी, कुछ राज्यों में पेट्रोल और डीजल में बदलाव

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 75.05 डॉलर प्रति बैरल



**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजारों में क्रूड की कीमतों ने वापस छलांग मारी है और ब्रेंट क्रूड करीब 2 डॉलर महंगा हो गया है। इस बीच बुधवार को सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की ताजा कीमतों में भी बदलाव दिख रहा है। बुधवार को नोएडा से लखनऊ तक पेट्रोल की कीमतों में बड़ा बदलाव आया है। फिर भी दिल्ले ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार नोएडा में पेट्रोल 27 पैसे महंगा हुआ और 96.92 रुपए लीटर पहुंच गया।

डीजल भी 26 पैसे चढ़कर 90.08 रुपए लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 32 पैसे सस्ता हुआ और 96.26 रुपए लीटर हो गया है, जबकि डीजल 30 पैसे गिरकर 89.45 रुपए लीटर पहुंच गया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 14 पैसे सस्ता होकर 96.43 रुपए लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 13 पैसे गिरकर 89.63 रुपए लीटर हो गया है। कच्चे तेल में बीते 24 घंटे में खासा बदलाव आया है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 75.05 डॉलर प्रति बैरल के भाव चल रहा है। डब्ल्यूटीआई भी बढ़कर 69.33 डॉलर प्रति बैरल है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, गाजियाबाद में पेट्रोल 96.26 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.43 रुपए और डीजल 89.63 रुपए प्रति लीटर हो गया है। नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में विलियमसन दूसरे स्थान पर, लाबुछाने शीर्ष पर बरकरार

**-शीर्ष दस में ऋषभ एकमात्र भारतीय बल्लेबाज**

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज केन विलियमसन लंबी छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर ही 883 रेटिंग अंकों के साथ ही विलियमसन को चार स्थानों का लाभ हुआ है। श्रीलंका के खिलाफ 2-0 की टेस्ट सीरीज जीत में विलियमसन ने एक दोहरा शतक भी लगाया था। वहीं खेल से बाहर होने के बाद भी भारत के केवल एक बल्लेबाज ऋषभ पंत ही शीर्ष-10 में शामिल हैं। वहीं भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा 12वें व विराट कोहली 13वें स्थान पर बने हैं। श्रीलंका के खिलाफ दोहरा शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के ही हेनरी निकोल्स को भी 20 स्थान का लाभ हुआ है और वह 27वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुछाने 915 रेटिंग अंक लेकर अभी भी नंबर एक पर बने हुए हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 872 रेटिंग अंकों के साथ ही तीसरे और इंग्लैंड के जो रुट 871 रेटिंग अंक के साथ ही चौथे व पाकिस्तान के बाबर आजम 853 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

वहीं एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज जोश हेजलवुड नंबर एक गेंदबाज हैं। मोहम्मद सिराज तीसरे स्थान पर फिसल गए हैं। कप्तान टिम साउदी एक स्थान के लाभ के साथ ही 11वें और मैट हेनरी चार स्थान के लाभ से 31वें स्थान पर हैं। हेजलवुड एकदिवसीय में पहली बार नंबर एक पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भारत के खिलाफ दो मैचों में शानदार गेंदबाजी के बाद भारत के मोहम्मद सिराज के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

बल्लेबाजी रैंकिंग में, क्विंटन डी कॉक, शुभमन गिल और स्टीव स्मिथ ने शीर्ष 10 में मामूली प्रगति की है, जबकि शाई होप और मुशफिकुर रहीम ने पिछले सप्ताह शानदार शतक जड़ने के बाद आगे बढ़े हैं।




## सरबजोत सिंह ने निशानेबाजी विश्व कप में एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता




**भोपाल (एजेंसी)।** भारत के सरबजोत सिंह ने आईएसएसएफ पिस्टल राइफल विश्व कप में पुरूषों के एयर पिस्टल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदकों का खाता खोला। भारत के वरूण तोमर को भी कांस्य पदक मिला। दो साल पहले टीम और मिश्रित टीम वर्ग में जूनियर विश्व चैम्पियन रहे सरबजोत ने अजरबैजान के रूस्लान लुनेव को 16.0 से हराया।

उन्होंने इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में 585 अंक बनाये थे। सरबजोत ने क्वालीफिकेशन सीरिज में 98, 97, 99, 97, 97, 97 का स्कोर किया। चीन के लियु जिनयाओ दूसरे स्थान पर रहे। रैंकिंग या एलिमिनेशन दौर में सरबजोत ने 253.2 और रूस्लान ने 251.9 अंक बनाये। वरूण 250.3 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे।

## एकदिवसीय विश्वकप को लेकर हुआ बड़ा खुलासा, 5 अक्टूबर से आगाज, अहमदाबाद में होगा फाइनल!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को लेकर फैंस को बड़ी खुशखबरी मिली है। दरअसल, फैंस लगातार विश्वकप को लेकर तारीखों का इंतजार कर रहे हैं। इन सब के बीच 2023 वर्ल्ड कप को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक के वर्ल्ड कप का आगाज 5 अक्टूबर से हो सकता है। वही इसका समापन 19 नवंबर तक होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत के बड़े शहरों में ये मुकाबले खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें भाग लेंगी। जानकारी है कि 48 दिनों में 48 मुकाबले खेले जाएंगे। इसके साथ ही बीसीसीआई की ओर से एक दर्जन स्टेडियमों को इस टूर्नामेंट के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। फाइनल मुकाबला विश्व के सबसे बड़े स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा सकता है।

जिन शहरों को विश्वकप के मुकाबलों के लिए चयनित किया गया है उनमें अहमदाबाद के अलावा बेंगलुरु, चेन्नई, धर्मशाला, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर, राजकोट और मुंबई शामिल है। हालांकि, अब तक आईसीसी की ओर से आधिकारिक तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है। परंपरा के मुताबिक आईसीसी टूर्नामेंटों की तारीखों का ऐलान 1 साल पहले ही कर देता है। लेकिन बीसीसीआई को भारत सरकार से कुछ जरूरी मुद्दों पर मंजूरी मिलने का इंतजार है। पहला मुद्दा पाकिस्तान टीम के लिए वीजा तथा दूसरा टूर्नामेंट के लिए टैक्स में छूट के कुछ जरूरी बात हैं। बीसीसीआई की ओर से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को वीजा मिलने का आश्वासन भी दिया गया है। टूर्नामेंट को लेकर अब तक कार्यक्रमों का ऐलान नहीं किया गया है। इन 48 मुकाबलों में 3 नॉकआउट मुकाबले में खेले जाएंगे जिसमें दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मुकाबला होगा। फिलहाल भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं हो सकी है। 2013 के बाद से दोनों ही टीमें आईसीसी इवेंट में खेलती रही है।

## दिल्ली कैपिटल्स फाइनल में पहुंची, दूसरे स्थान के लिए यूपी और मुंबई में होगा मुकाबला

**मुंबई (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वॉरियर्स को हराकर महि प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल में जगह बना ली है। वहीं अब 26 मार्च को होने वाले खिताबी मुकाबले में दिल्ली का सामना यूपी और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। 24 मार्च को होने वाले इस मैच में जीत के लिए दोनो ही टीमें यूपी और मुंबई पूरी ताकत लगा देंगी। अब तक इन दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है ऐसे में इस मैच के रोमांचक होने की संभावनाएं हैं।

वहीं इसूय एलिस कैप्सी के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली कैप्टिल्स ने महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट (डब्ल्यूपीएल) फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कैप्टिल्स ने अपने अंतिम लीग मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए यूपी वॉरियर्स को 5 विकेट से हराया। इस मुकाबले में जीत के साथ ही दिल्ली की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। इस मैच में यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 138 बनाए थे।




इस प्रकार दिल्ली को जीत के लिए 139 रनों का लक्ष्य मिला जिसे दिल्ली ने 18वें ओवर में ही पा लिया। दिल्ली की ओर से कैप्सी ने गेंद और बल्ले से शानदार खेल दिखाया। उन्होंने पहले गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए और इसके बाद 31 गेंदों में 34 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके लिए कैप्सी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की ओर सालामी बल्लेबाज मेग लैनिंग ने तेजी से 39 रन बनाये। वहीं उनकी जोड़ीदार शेफाली वर्मा ने भी 21 रन बनाये। इसके बाद जेमिमा रोड्रिग्स 3 रनों पर ही पेवेलयन लौट गयीं। इसके बाद मारिजैन कप्प और कैप्सी ने स्कोर को आगे बढ़ाया। कैप्सी की 34 रनों की पारी के अलावा मारिजैन की नाबाद 34 रनों की पारी भी अहम रही।

### आईपीएल से पहले नरेन ने अपनी गेंदबाजी से सबको हैरान किया

पोर्ट ऑफ स्पेन। आईपीएल के 16 वें सत्र से पहले ही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान सुनील नरेन ने अपनी गेंदबाजी से सबको हैरान कर दिया है। नरेन ने त्रिनिदाद में एक क्लब टूर्नामेंट टी एंड टी क्रिकेट बोर्ड प्रीमियरशिप डिवीजन 1 में नरेन क्वींस पार्क क्रिकेट क्लब 1 की ओर से खेलते हुए क्लार्क रोड यूनाइटेड के खिलाफ सात ओवर मेडन करते हुए सात विकेट लिए। नरेन की इस घातक गेंदबाजी से विरोधी टीम केवल 76 रनों पर ही सिमट गयी। नरेन को पहले इस मुकाबले में नहीं खेलना था क्योंकि वह आईपीएल के लिए भारत रवाना होने वाले थे पर उड़ान में देरी से उन्हें खेलने का अवसर मिल गया।

## महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप : नीतू ने भारत का पहला पदक पक्का किया



नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की गोल्ड मेडलिस्ट नीतू घंघास ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में बुधवार को जापान की मदोका वाडा को हराकर भारत का पहला पदक सुनिश्चित कर लिया। नीतू ने 48 किग्रा वर्ग के मुकाबले में मदोका को आरएससी (रेफरी द्वारा मैच रोका जाना) पद्धति से मात दी। उन्होंने अपने पिछले दो मुकाबलों में भी विपक्षी मुक्केबाज को आरएससी से ही परास्त किया था। इस जीत के साथ नीतू ने सेमीफाइनल में पहुंचते हुए भारत के लिये कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया है। नीतू ने मदोका को हराने के बाद कहा, 'अभी तक जो भी मुकाबले हुए हैं उनमें मैं अच्छी तरह तकनीक का इस्तेमाल कर सकी हूं। मैंने तीनों मैच आरएससी से जीते हैं। अगले मुक्केबाज पर इससे दबाव बनेगा और मुझे फायदा होगा।' उन्होंने कहा, 'हमारी पूरी टीम स्वर्ण पदक का लक्ष्य लेकर आई है। हम अपना 100 प्रतिशत देकर स्वर्ण लेकर जाएंगे। पिछली बार मैं स्वर्ण से चूक गयी थी लेकिन इस बार मैं बेहतर तैयारी करके आयी हूं। भारत में घरेलू दर्शक होने से भी फायदा है इसलिये मैं स्वर्ण को हाथ से नहीं जाने दूंगी।'

## महिला प्रीमियर लीग 2023 में सबसे महंगी खिलाड़ी रही स्मृति मंधाना, टूर्नामेंट में नहीं कर सकी धमाल

मुम्बई। महिला प्रीमियर लीग 2023 के उद्घाटन संस्करण में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का सफर 21 मार्च को खत्म हो गया है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। वहीं मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेला गया अंतिम मुकाबला भी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर जीत नहीं सकी। इस मैच में बाएं हाथ की बल्लेबाज स्मृति मंधाना के नेतृत्व में खेल रही बैंगलो को मुंबई इंडियंस से चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मुकाबले में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 125 रन बनाये। आरसीबी के लिए रिचा घोष ने 13 गेंद में 29 रन की आक्रामक पारी खेली एलीस पेरी ने भी 29 रन का योगदान दिया। मुंबई के लिए अमेलिया केर ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट चटकाये। वहीं बाद में बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियन्स ने आरसीबी को चार विकेट से शिकस्त दी। मुंबई की टीम ने आरसीबी द्वारा दिए गए लक्ष्य को 16.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। मुंबई के लिए अमेलिया केर ने सबसे ज्यादा नाबाद 31 रन का योगदान दिया।



**फ्लॉप साबित हुई स्मृति**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम की कप्तानी का जिम्मा भारतीय टीम की दिग्गज खिलाड़ी स्मृति मंधाना को दिया गया था। इस टूर्नामेंट में स्मृति मंधाना को बेंगलुरु ने 3.4 करोड़ रुपये में कई उम्मीदों के साथ टीम में जगह दी थी। इस टूर्नामेंट में स्मृति अपने बल्ले या कप्तानी के हुनर का कोई जलवा नहीं दिखा सकी। अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपने बल्ले के दम पर सुर्खियां बटोरने वाले स्मृति टी20 क्रिकेट के फॉर्मेट महिला प्रीमियर लीग में कोई उपलब्धि हासिल नहीं कर सकी। इस टूर्नामेंट में स्मृति टॉप 15 शीर्ष खिलाड़ियों की सूची से भी बाहर रहीं, जिन्होंने सर्वाधिक रन बनाए थे।

## अय्यर की जगह रिंकू सिंह को कप्तान बना सकती है केकेआर

**मुम्बई (एजेंसी)।** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16 वें सत्र से बाहर हो गये हैं। अय्यर की पीठ की सर्जरी होनी है। ऐसे में वह लंबे समय तक टीम से बाहर रहेंगे। अब केकेआर को नये कप्तान की तलाश है। जिसके लिए रिंकू सिंह की दावेदारी काफी मजबूत नजर आती है। हाल में केकेआर ने एक क्लिप पोस्ट की थी जिसमें रिंकू को अभ्यास सत्र में छक्के लगाते हुए देखा जा सकता है। उसी वीडियो के कमेंट बॉक्स में फ्रेंचाइजी ने संकेत दिया कि रिंकू आगामी सीजन में टीम की कमान संभाल सकते हैं।

केकेआर के वीडियो में बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह को अपना ट्रेडमार्क स्वीप शॉट खेलते हुए देखा जा सकता है। केकेआर ने वीडियो के साथ लिखा, यह शॉट आपके पैरों को कुचल देगा! वीडियो पर एक प्रशंसक ने कमेंट किया, गेम चेंजर, रिंकू। वहीं केकेआर ने यूजर्स को जवाब देते हुए कहा, हमारे कप्तान।

कोलकाता आईपीलए में अपना पहला मैच एक अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी। इस दौरान टीम को अय्यर की कमी खलेगी। उनके नहीं होने से टीम के प्रदर्शन पर भी प्रभाव पड़ेगा। इससे पहले प्रशंसक अनुमान लगा रहे थे कि सुनील नरेन, टिम साउथी, नितीश राणा या शाकिब अल हसन को कप्तान बनाया जा सकता है पर अब लगता है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू को कप्तानी मिलेगी।




## नवरातिलोवा कैंसर को हराकर कमेंट्री में लौटीं

लंदन। महान टेनिस खिलाड़ी मार्तिना नवरातिलोवा कैंसर से जंग जीतकर कमेंट्री में वापस लौट गयी हैं। नवरातिलोवा के अनुसार वह गले और स्तन के कैंसर से उबर गयी हैं। वह मियामी ओपन से एक बार फिर टीवी चैनल के लिये अपने काम पर लौट आई हैं। 18 बार की ग्रैंड स्लैम इस महान खिलाड़ी ने कहा, 'वापसी करके अच्छा लग रहा है। यहां आकर उत्साहित हूं। काम करके खुश हूं। उन्होंने कहा कि कैंसर के उपचार के दौरान उनका स्वाद चला गया और 15 पाउंड वजन भी कम हो गया। इसी कारण वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन और बीएनपी परीबस ओपन में टीवी पर नजर नहीं आई थीं। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, 'डॉक्टरों ने बताया है कि अब मुझे कैंसर नहीं है पर मुझे हमेशा जांच करानी होगी। नवरातिलोवा ने अस्सी के दशक में कई ग्रैंड स्लैम जीतकर अपनी अलग पहचान बनायी थी।

## स्विस ओपन : मालविका बंसोड़ महिला एकल मुकाबले के मुख्य ड्रा के क्वालीफाई




बासेल। भारत की मालविका बंसोड़ ने मंगलवार को यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले के मुख्य ड्रॉ के लिये क्वालीफाई किया। मालविका ने महिला क्वालीफाइंग दौर में अमेरिका की लॉरेन लैम को 21-17, 21-7 से हराया। सिक्की रेड्डी और आरती सारा सुनील की महिला युगल जोड़ी ने भी पाउला लिन काओ होक और लॉरेन लैम को 21-15 15-21 21-18 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी ने जर्मनी के पैट्रिक शीएल और फ्रांसिस्का वोल्कमैन पर 21-17 15-21 21-18 से जीत से मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। मीराबा लुवांग मैसनम और प्रियांशु राजावत जैसे भारतीय खिलाड़ी मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके।

## पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम में नबी और अतल शामिल

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम में मोहम्मद नबी को शामिल किया गया है। अफगानिस्तान की टीम शारजाह में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इसके लिए गैरअनुभवी खिलाड़ी सेदिकुल्लाह अतल को भी टीम में शामिल किया गया है। ये तीन मैच 24, 26 और 27 मार्च को खेल जाएंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ यह टी20 सीरीज तीन एकदिवसीय मैचा की जगह पर रखी गयी है। ये एकदिवसीय अफगानिस्तान को इसी विंडो में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने थे पर तालिबान शासन द्वारा लड़कियों की विश्वविद्यालय शिक्षा पर प्रतिबंध की घोषणा के बाद ऑस्ट्रेलिया ने इन्हं खेलने से इंकार कर दिया था।




पीसीबी ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज खेलने के लिए मंजूरी दी थी। पीसीबी चेयरमैन नजम सेठी ने कहा था, क्रिकेट और राजनीति को अलग रखा जाना चाहिए। पाकिस्तान ने पिछले हफ्ते इस सीरीज के लिए अपना दल घोषित किया था, जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शाहीन आफरीदी, हारिस रउफ और फखर जमान को आराम दिया गया था। ऑलराउंडर शादाब खान को पाक टीम का कप्तान बनाया था।

अफगानिस्तान टीम इस प्रकार है। राशिद खान (कप्तान), रहमानउल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जदरान, उस्मान घानी, सेदिकुल्लाह अतल, नजीबउल्लाह जदरान, अफसर जजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, अजमतउल्लाह ओमरजाई, गुलबदीन नईब, शरफुद्दीन अशरफ, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, फरीद अहमद, फजलहक फारुकी और नवीन उल हक

रिजर्व खिलाड़ी : नान्गायल खरोटी, जाहिर खान और निजत मसूद।

## फीफा ने बार्ट पर प्रतिबंध के फैसले को रद्द किये जाने के खिलाफ अपील की

जेनेवा। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने यौन शोषण के दोषी हैती फुटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष यवेस जीन-बार्ट पर लगाये गए आजीवन प्रतिबंध को रद्द करने के खेल मध्यस्थता अदालत (कैस) के फैसले के खिलाफ स्विस फेडरल ट्रिब्यूनल में अपील की है। फीफा ने अपने एक बयान में कहा, कैस के फैसले का गहराई से अध्यन करने के बाद फीफा को लगता है कि इस फैसले में कई खामियां हैं। फीफा के अनुसार कैस उसके द्वारा पेश किये गए प्रमाणों के प्रमुख पहलुओं की समीक्षा करने में भी नाकाम रहा है। गौरतलब है कि फीफा की नैतिक समिति के निर्णायक चैम्बर ने बार्ट को नवम्बर 2020 में कथित शोषण और महिला फुटबॉलरों के यौन शोषण के आरोपों के बाद खेल से जुड़ी गतिविधियों से आजीवन प्रतिबंधित कर बाहर कर दिया था पर 14 फरवरी 2023 को कैस ने बार्ट पर लगे आजीवन प्रतिबंध को सबूतों के अभाव में रद्द कर दिया था। फीफा के अनुसार वह यौन शोषण के पीड़ितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार के अपराध करने वालों के खिलाफ नरमी के पक्ष में नहीं है।

## विश्व कप के लिए तय खिलाड़ियों की पहचान हुई : द्रविड़

**चेन्नई (एजेंसी)।** देश में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए खिलाड़ियों की पहचान हो गयी है। टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि विश्व कप के लिए 17-18 खिलाड़ियों की पहचान कर ली गयी है। द्रविड़ ने कहा कि आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टीम में बने रहेंगे। वहीं द्रविड़ से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने विश्व कप को ध्यान में रखते हुए नौ घरेलू एकदिवसीय मैचों में वह हासिल किया जो उन्होंने निर्धारित किया था? तो उन्होंने कहा, '' हां काफी हद तक है।

उन्होंने कहा, '' हमारे लिए यह अब अलग-अलग एकादश के संयोजन के बारे में है। हम यह सुनिश्चित करना है कि विश्व कप के दौरान जरूरत पड़ने पर हम संयोजन में क्या बदलाव कर सकें। हम यह तय करना चाहते है कि विश्व कप के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। मुख्य कोच ने चोटिल श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति पर खेद व्यक्त किया, जो विश्व कप की योजना में चौथे नंबर पर बल्लेबाज के तौर पर रखे गये थे। द्रविड़ ने हालांकि उनकी जगह टीम में शामिल सूर्यकुमार यादव के कमजोर प्रदर्शन के बावजूद सहानुभूति दिखायी। सूर्या दो मैच में खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गये थे। राहुल ने कहा, '' जाहिर है। श्रेयस का चोटिल होना दुर्भाग्यपूर्ण है। वह शायद उन लोगों में से एक है जो नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हैं। उनकी जगह टीम में शामिल सूर्या के प्रदर्शन को लेकर मैं चिंतित नहीं हूं। वह दो बहुत अच्छी गेंद पर आउट हुए। सूर्या को टी 20 की तरह एकदिवसीय क्रिकेट का अनुभव नहीं है।

द्रविड़ ने कहा, '' हमें घरेलू हालातों में अब ज्यादा मैच नहीं मिलेंगे। आईपीएल खत्म होने तक काफी हद तक हम टीम और खिलाड़ियों के बारे में स्पष्ट हो जायेंगे। हमने इसे 17-18 खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया है।



# 6 महीने में अटल ब्रिज से अहमदाबाद महानगर पालिका ने कमाए 6.28 करोड़ रुपए



अहमदाबाद। पश्चिमी अहमदाबाद को पूर्वी अहमदाबाद से जोड़ने वाले अटल ब्रिज से महानगर पालिका ने छह महीने के भीतर रु. 6.28 करोड़ से अधिक का आय प्राप्त की है। अहमदाबाद के साबरमती नदी पर बने अटल ब्रिज का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 अगस्त को उदघाटन किया था। उदघाटन के बाद दो दिनों के लिए आम लोगों के लिए अटल ब्रिज खोला गया था। 31 अगस्त से अहमदाबाद महानगर पालिका ने अटल ब्रिज पर प्रवेश के लिए टिकट का दर तय किया था। अटल ब्रिज पर आधे घंटे की सैर के लिए वयस्कों के लिए रु. 30 और 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए रु. 15 का टिकट तय किया था। अब तो अटल ब्रिज की ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू हो गई है। बच्चों और वयस्कों में लोकप्रिय हो चुके है अटल ब्रिज ने पिछले 6 महीने के भातर रु. 6.28 करोड़ से अधिक की कमाई अहमदाबाद महानगर पालिका ने की है। दरअसल अटल ब्रिज जब आम लोगों के लिए खोला गया था, तब कुछ शरारती लोगों ने जगह जगह पान-मसाले की पीक मारकर गंदा कर दिया था। जिसे देखते हुए अहमदाबाद महानगर पालिका ने अटल ब्रिज पर प्रवेश शुल्क लगा दिया। प्रवेश शुल्क होने के बावजूद अटल ब्रिज लोगों में खासकर युवा वर्ग में पसंदीदा ब्रिज बना हुआ है। अनेक युवक-युवतियां ब्रिज की सैर करते हुए अलग अलग अंदाज में सेल्फी लेते नजर आते हैं। रु. ।4 करोड़ की लागत से बने अटल ब्रिज की डिजाइन में पतंगोत्सव की भी झलक नजर आती है। 300 मीटर लंबा अटल ब्रिज सुबह 9 से रात 9 बजे तक आम लोगों के लिए खुला रहता था। लेकिन गर्मी को देखते हुए अटल ब्रिज अब रात 11 बजे तक लोगों के लिए खुला रहता है। रात 10 बजे तक सैलानी टिकट लेकर अटल ब्रिज पर प्रवेश कर सकेंगे। अटल ब्रिज पर पान-मसाला, गुटखा, खाद्य पदार्थ, पालतु प्राणी, खेल-कूद के साधन इत्यादि ले जाने पर प्रतिबंध है। इतना ही नहीं शोरशराबा करना या संगीत के साथ नाच-गाना करने पर भी रोक है। इसके बावजूद अटल ब्रिज पर जाने से लोग खुद को रोक नहीं पा रहे। सामान्य दिनों में करीब । हजार जितने सैलानी अटल ब्रिज की सैर करने जाते हैं। जबकि रविवार समेत छुट्टियों के दिन सैलानियों की संख्या 12 हजार को भी पार कर जाती है।

# मानहानि केस में 23 मार्च को सूरत कोर्ट में पेश होंगे राहुल गांधी

सूरत। कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी 23 मार्च को सूरत आ रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरनेम को लेकर टिप्पणी की थी। इस मामले में राहुल गांधी के खिलाफ सूरत की कोर्ट में मानहानि का केस किया है। गौरतलब है वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने कर्णाटक में मोदी सरनेम को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। राहुल गांधी ने कहा था कि 'कैसे सभी चोरों की सरनेम मोदी है?' राहुल गांधी के इस बयान के खिलाफ भाजपा विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने सूरत कोर्ट में मानहानि का केस किया है। पूर्णेश मोदी का आरोप है कि राहुल गांधी ने 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्णाटक के कोलार में एक रैली को संबोधित करते हुए पूरे मोदी समाज को बदनाम किया। इस मामले में राहुल गांधी अब तक तीन दफा सूरत कोर्ट में पेश हो चुके हैं। राहुल गांधी ने कोर्ट में दर्ज कराए अपने बयान में खुद को निर्दोष बताया है। राहुल गांधी के वकील ने कहा कि मुख्य न्यायधीश एचएच वर्मा की कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनीं और फैसला सुनाने के लिए 23 मार्च की तारीख मुकर्रर की है। कोर्ट द्वारा फैसला सुनाते समय राहुल गांधी कोर्ट में मौजूद रहेंगे। दूसरी ओर राहुल गांधी के 23 मार्च को सूरत आगमन के चलते सूरत में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की ईश्वर फार्म हाउस में एक बैठक हुई। जिसमें गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जगदीश ठाकोर, विपक्ष के नेता अमित चावड़ा, गुजरात कांग्रेस प्रभारी रघु शर्मा, भरतसिंह सोलंकी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में दक्षिण गुजरात के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के अलग अलग कार्यक्रमों को लेकर भी प्रदेश नेताओं ने चर्चा की। खासकर 23 मार्च को राहुल गांधी के सूरत आगमन पर उनके स्वागत की तैयारियां और कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई।

# भेस्तान क्षेत्र में कूत्ते के नोंचने से 6 साल के बच्चे की मौत



सूरत। सूरत शहर में कूत्तों का आतंक बरकरार और इसका शिकार खासकर मासूम बच्चे हो रहे हैं। शहर के भेस्तान क्षेत्र में कूत्ते के काटने से 6 साल के एक बच्चे की मौत हो गई। यूं तो कूत्तों के काटने के कई मामले में अस्पताल में आ रहे हैं। कई बार कूत्तों के पीछे दौड़ने से बाइक सवार दुर्घटना का शिकार होते हैं और ऐसी आए दिन 8 से 10 घटनाएं सामने आती हैं। बावजूद इसके सूरत महानगर पालिका ऐसी घटनाओं को लेकर गंभीर नहीं दिखती। वर्ष 2022 के अंतिम चार महीनों के दौरान कूत्तों के काटने के 6239 मामले दर्ज हुए हुए हैं। सूरत के भेस्तान क्षेत्र में आज कूत्ते के नोंचने से 6 साल के बच्चे की मौत हो गई। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी एक बच्चे की कूत्ते के काटने से मौत हो चुकी है।

# मुख्यमंत्री के जनसंपर्क अधिकारी हितेश पंड्या का बेटा गिरफ्तार



अहमदाबाद। कश्मीर में पीएमओ का अधिकारी बनकर जेड कैटेगरी की सुरक्षा लेने वाले महाठग किरण पटेल के साथ, अमित पंड्या और जय सीतापरा भी कश्मीर में उसके साथ थे। कश्मीर पुलिस ने इन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया था। लेकिन अब इन्हें गुजरात में गिरफ्तार किया गया है।

अमित पंड्या के पिता गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय के जनसंपर्क अधिकारी हितेश पंड्या के बेटे हैं। वहीं जय सीतापरा राजकोट का रहने वाला है। जम्मू कश्मीर की पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया है। एक अन्य व्यक्ति त्रिलोक सिंह से जांच अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

अमित पंड्या भाजपा उत्तर जोन सोशल मीडिया का इंचार्ज है। गांधीनगर और राजकोट में सेफ सॉल्यूशन नामक कंपनी चलाता है। यह कंपनी सीसीटीवी और नेटवर्किंग का काम करती है। कंपनी को सरकारी कार्यालयों,पुलिस और स्थानीय निकायों में सीसीटीवी नेटवर्क लगाने का काम बड़े पैमाने पर मिला हुआ है। दूसरा आरोपी जय सीतापरा राजकोट का रहने वाला है। यह भी भाजपा संगठन से जुड़ा हुआ है।

जम्मू कश्मीर की पुलिस किरण पटेल के 6 महीने के कॉल रिकॉर्ड की जांच कर रही है। जम्मू कश्मीर की पुलिस गुजरात के कई आईएएस अधिकारियों और कुछ प्रभावशाली लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

**जमानत का फैसला सुरक्षित**

किरण पटेल की जमानत के आवेदन मंगलवार को,श्रीनगर के चीफ ज्यूडिशली मजिस्ट्रेट राजा मोहम्मद के न्यायालय में लगाई गई है। जमानत मामले की सुनवाई हुई अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। न्यायाधीश ने कहा कुछ समय पहले उन्होंने निजी सुरक्षा के लिए आवेदन दिया था। उन्हें तो सुरक्षा मिली नहीं, गुजरात से आए एक ठग को कैसे कश्मीर में जेड प्लस की सुरक्षा मिल गई। सूत्रों द्वारा कहा जा रहा है,कि इस स्तर पर जमानत किरण पटेल की शायद ही कोर्ट मंजूर करे।

# नडियाद की पोक्सो कोर्ट ने दुष्कर्म केस में सौतेले पिता को सुनाई फांसी की सजा

खेडा। नडियाद की स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने दुष्कर्म केस में आरोपी सौतेले पिता को सजा ए मौत का आदेश दिया है। साथ ही आरोपी पर रु. 2.50 लाख जुर्माना का जुर्माना भी लगाया है। घटना वर्ष 2021 की है। खेडा जिले की मातर तहसील के मेहलज गांव के सीमा स्थित एम्पायर फार्म हाउस में रहनेवाले गोधरा के मूल निवासी शख्स ने विधवा महिला के साथ शादी की थी। विधवा महिला के पहले पति से तीन बेटियां थीं। जिसमें से दो बेटियों के साथ मेहलज गांव स्थित एम्पायर फार्म हाउस में दूसरे पति के साथ रहती थी। फार्म हाउस में किसी के ना होने पर सौतेला पिता 11 वर्षीय बेटी के साथ डरा धमका कर दुष्कर्म करता था। करीब पांच महीनों तक सौतेला पिता मासूम बेटी का यौन शोषण करता रहा। साथ ही उसे धमकी देता रहा कि अगर उसने किसी से कुछ कहा तो वह उसे जान से मार देगा। शख्स के पाप का भांडा उस वक्त फूट गया जब 11 वर्षीय लड़की गर्भवती हो गई। जिसके बाद पीड़ित लड़की की माता ने अपने दूसरे पति के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर नडियाद कोर्ट में चार्जशीट फाइल कर दी। नडियाद की स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने 11 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोपी सौतेले पिता को दोषी ठहराते हुए उसे फांसी की सजा सुनाई। साथ ही रु. 2.50 लाख जुर्माना और पीड़िता को रु. 2 का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है।

# अहमदाबाद मंडल के 6 कर्मचारियों को मण्डल रेल प्रबंधक ने किया सम्मानित

अहमदाबाद। अहमदाबाद मंडल के 6 कर्मचारियों को आज यानी मंगलवार को जनवरी व फरवरी-2023 के महीने में सतर्कता एवं सजगता से काम करते हुए रेल संरक्षा (सेफ्टी) में बेहतरीन कार्य करने के लिए मंडल रेल प्रबंधक तरुण जैन द्वारा प्रमाण पत्र व नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी राकेश कुमार खराड़ी के अनुसार पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों द्वारा किए गये उत्कृष्ट कार्यों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

इंजीनियरिंग विभाग : 16 जनवरी 2023 को राहुल यादव, ट्रेक मेन- राधनपुर (पश्चिम) किमेन के रूप कार्यरत थे द्य उक्त दिनांक को अपने कार्य के दौरान पीपली-वराही स्टेशन के मध्य उन्होने की.मी. संख्या 125/8-9 पर में वेल्ड फ्रेक नोटिस किया। उन्होने रेल ट्रेक की सुरक्षा की और अपने पर्यवेक्षक को इस घटना के बारे में सूचित किया ।

19 फरवरी 2023 को दिनेश प्रजापति, ट्रेक मेन-गांधीधाम किमेन के रूप कार्यरत थे द्य उक्त दिनांक को चिर्ई-भचाऊ स्टेशन के मध्य कार्य करते समय उन्होने की.मी.सं.769/0-1 पर फ्लस बट (Flush Butt) वेल्ड फ्रैक्चर नोटिस कियाद्य

परिचालन विभाग: 15 जनवरी 2023 को मुकेश पंडित, स्टे.मास्टर-बजाना के पद पर 14 से 22ः30 बजे की शिफ्ट मे जत-पिपली स्टेशन पर कार्यरत थेद्य उपरोक्त दिनांक को लगभग 16:53 बजे इन्होने टावर वैगन ध्रांधरा स्टेशन से रनिंग थ्रू पास होने के दौरान जांच करते समय देखा कि व्हील के पास से धुआ निकल रहा है, जो कि संरक्षा की दृष्टि से सही नहीं है। उन्होने तत्परता दिखाते हुए तुरंत ही द्यद्यक्ष के द्वारा लोको-पायलट से संपर्क करके टावर वैगन को रुकवाया। टावर वैगन रुकने के बाद लोको पायलट द्वारा उपरोक्त की जांच करने पर पाया कि हॉर्स पाइप के बगल से धुआ निकल रहा है उपरोक्त टावर वैगन को वासदव स्टेशन पर स्टेबल करवाया गया।

22 जनवरी 2023 को अमित कुमार, स्टेशन मास्टर-लाकड़िया स्टेशन पर कार्यरत थे, उक्त दिनांक को करीब 04.18 बजे इन्होने गाड़ी संख्या KPRK/LCTS/COAL के स्टेशन से रनिंग थ्रू पास होने के दौरान जांच करते समय देखा कि Loco No.12511 मे व्हील के पास से आग निकल रहा है, जो कि संरक्षा की दृष्टि से सही नहीं है। उन्होने तत्परता दिखाते हुए तुरंत ही लोको-पायलट से संपर्क करके गाड़ी को रुकवाया। गाड़ी रुकने के बाद लोको पायलट द्वारा जांच करने पर पाया कि लोको के व्हील मे हॉट एक्सल हैद्य उपरोक्त लोको को फैल कर, गाड़ी को लाकड़िया स्टेशन पर स्टेबल करवाया गया ।

02 फरवरी 2023 को परेश कुमार परमार, स्टेशन मास्टर के पद पर 14 से 22ः30 बजे की शिफ्ट मे जटपिप्पली स्टेशन पर कार्यरत थे, उपरोक्त दिनांक को लगभग 20:55 बजे स्टेशन मास्टर वासदव से सूचना मिली कि UP गाड़ी संख्या DBTK/NTPB से धुआ निकाल रहा है, जो कि संरक्षा की दृष्टि से सही नहीं है। उन्होने तत्परता दिखाते हुए तुरंत ही ATNL (सहायक ट्रेन कंट्रोलर) को सूचित कर गाड़ी को स्टेशन बिल्डिंग के सामने रुकवाया, जांच करने पर पाया गया की लोको से छठ्वे वैगन मे आग लगी हुई है। स्टेशन स्टाफ द्वारा आग पर काबू करने की कोशिश की गई। लेकिन आग पर पूरी तरह से काबू न पाने पर पावर ब्लॉक लिया व फायर ब्रिगेड को बुलाया गया ।

# द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंट्स ऑफ इंडिया ने पिछले दिसंबर-2022 में आयोजित इंटरमीडिएट और अंतिम परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया



सूरत। द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंट्स ऑफ इंडिया पिछले दिसंबर-2022 में आयोजित इंटरमीडिएट और अंतिम परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। सिंपली शिक्षा कोचिंग क्लास के छात्रों ने परीक्षा में सूरत और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कोचिंग क्लास मैनेजर तरुण अग्रवाल के मार्गदर्शन में सीएमए फाइनल में ध्रुति गोहिल सूरत में प्रथम और आशिका जालान सूरत में तीसरे स्थान पर रहीं इंटरमीडिएट में श्याम मेहता प्रथम और कौशिक शाह द्वितीय स्थान पर रहे। फाइनल में ध्रुति ने 800 में से 438 और आशिका ने 429 अंक हासिल किए। इंटरमीडिएट में श्याम ने 800 में से 508 और कौशिक ने 505 अंक हासिल किए।

सूरत के छात्र जिन्होंने इस परीक्षा में सीएमए की डिग्री प्राप्त की। इसमें 9 विद्यार्थियों को सिंपली शिक्षा कोचिंग क्लास से मार्गदर्शन मिला। कोरोना में परीक्षा ऑनलाइन कराई गई। जिसे इस दिसंबर 2022 से फिर से ऑफलाइन कर दिया गया। और आने वाले जून-2023 में फाउंडेशन परीक्षा भी अब ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। नए पाठ्यक्रम के अनुसार पहली बार परीक्षा जून-2023 में होगी तथा पुराना पाठ्यक्रम दिसंबर-2023 तक लागू रहेगा।

# महिला को शादी की लालच में बेटे के दोस्त के दोस्त ने बनाए संबंध, और फिर...




अहमदाबाद। शहर में रहने वाली एक महिला ने अपने बेटे के दोस्त के दोस्त के खिलाफ धमकी और दुष्कर्म की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज करवाई है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने शादी की लालच देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद निवासी 43 वर्षीय महिला से उसके बेटे के दोस्त ने एक युवक से परिचय करवाया था। जिसके बाद महिला और युवक के बीच दोस्ती हो गई और दोनों ने अपने मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान किया। दोनों के बीच मुलाकात भी होने लगी। उस दौरान महिला ने युवक को बताया कि उसकी अपनी पति से बनती नहीं है। महिला से यह बात सुनकर युवक उसके और करीब आने लगा और उसकी सभी मुश्किलों में उसका साथ देने लगा। मौका पाते ही युवक ने महिला से कहा कि वह उससे प्यार करता है। महिला ने सोचा कि पति से उसकी बनती नहीं है, ऐसे में युवक के साथ शादी से वह खुश रहेगी। इस उम्मीद के साथ महिला ने युवक के प्रेम संबंध को स्वीकार कर लिया। जिसके बाद युवक ने महिला को एक होटल में मिलने के लिए बुलाया, जहां शादी की लालच देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जिसके बाद यह सिलसिला शुरू हो गया, कभी होटल तो कभी घर में युवक महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। उस दौरान युवक ने महिला से रु. 55000 की मदद मांगी। महिला ने युवक को रुपए भी दे दिए। महिला उस वक्त अपने घर छोड़कर चली गई जब उसके नाजायद संबंधों की भनक पति और बेटे को हो गई। दूसरी ओर युवक ने भी महिला के साथ शादी करने से इंकार कर दिया। युवक ने महिला को बताया कि उसका अन्य युवती के साथ प्रेम संबंध है। युवक के इंकार के बाद महिला पुलिस थाने पहुंच गई और उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दी। जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रियलमी ने 64 मेगापिक्सल कैमरा और 33 वॉट चार्जर के साथ अपने सेगमेंट में नए चैंपियन



नई दिल्ली। भारत में सबसे भरोसेमंद टैक्नोलॉजी ब्रांड, रियलमी ने सी-सीरीज़ में अपने सबसे नए उत्पाद, रियलमी सी55 का अनावरण किया है। यह 64 मेगापिक्सल के कैमरा और 33 वॉट की चार्जिंग के साथ एंट्री लेवल में नया चैंपियन है। अत्याधुनिक विशेषताओं, स्लीक डिज़ाइन और शक्तिशाली प्रदर्शन के साथ रियलमी सी55 उन ग्राहकों को आकर्षित करेगा, जो बेहतरीन स्टाईल और फंक्शनलिटी के साथ शानदार स्मार्टफोन चाहते हैं।

लॉन्च के अवसर पर श्री माधव शेठ, सीईओ, रियलमी इंडिया, वीपी, रियलमी और प्रेसिडेंट, रियलमी इंटरनेशनल बिज़नेस ने कहा, ''एक ब्रांड के रूप में रियलमी अपने यूज़र्स को लेटेस्ट टैक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उनकी जीवनशैली के अनुरूप हो। ब्रांड-न्यू स्ट्रैटजिक अपडेट्स के साथ सी-सीरीज़ स्मार्टफोन की यह नई श्रृंखला लीप-फॉरवर्ड टैक्नोलॉजी के साथ इस सेगमेंट का नेतृत्व करेगी और चार प्रमुख क्षेत्रों- कैमरा, स्टोरेज, चार्जिंग और डिज़ाइन में टैक्नोलॉजी को विशाल जनसमूह तक पहुँचाएगी। इसी प्रतिबद्धता के साथ हमने रियलमी सी55 पेश किया है। हमारी इस लेटेस्ट पेशकश में बेहतरीन मूल्य में शक्तिशाली प्रदर्शन मिलता है। अपने स्लीक डिज़ाइन, शानदार परफॉर्मेंस, और अभूतपूर्व विशेषताओं के साथ रियलमी सी55 उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प है, जो अपने स्मार्टफोन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं। रियलमी की नई सी-सीरीज़ में सी का मतलब चैंपियन है। हम स्ट्रैटजिक अपडेट्स के साथ ऐसी डिवाइस लाए हैं जिससे बेहतरीन परफॉर्मेंस मिलती है, और युवा पीढ़ी का व्यक्तित्व एवं स्टाईल प्रदर्शित होते हैं। हमारा यकीन है कि रियलमी सी55 नए मानक स्थापित कर देगा और इस सेगमेंट में बेहतरीन स्मार्टफोन प्रदान करेगा। हमें विश्वास है कि रियलमी सी55 युवाओं को आत्मविश्वास के साथ खुद की अभिव्यक्ति करने में समर्थ बनाएगा और उन्हें अपने जीवन के चैंपियन लम्हों की ओर बढ़ने और उनका आनंद लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा।''

रियलमी सी55 ने एंट्री लेवल के सेगमेंट में नया मानक स्थापित कर दिया है। इसमें 64 मेगापिक्सल का कैमरा है, जो इस सेगमेंट में अतुलनीय है, और यूज़र्स को आसानी से काफी विस्तृत फोटो लेने में समर्थ बनाता है। इसमें 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा और अनेक फोटोग्राफी फंक्शन दिए गए हैं, जिनमें एक्सक्लुसिव फोटोग्राफी मोड शामिल है, जो रियलमी सी-सीरीज़ में पहली बार दिया गया है। यूज़र्स की जरूरतों को समझते हुए रियलमी सी55 33वॉट सुपरवूक चार्ज के साथ नया मानक स्थापित कर दिया है, जो फोन को 29 मिनट में 50 प्रतिशत तक चार्ज कर देता है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादकः संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत (गुजरात) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड (गुजरात) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत (गुजरात) से प्रकाशित। कार्यालय फोनः 0261-2274271, (न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा)